

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 223

ग्वालियर, मंगलवार 03 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## यूपी के सभी 75 जिलों में रोस्टर के हिसाब से की जाएगी बिजली की आपूर्ति : योगी

**लखनऊ।** यूपी में चल रहे बिजली संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने मोर्चा संभाल लिया है। सभी 75 जिलों में रोस्टर के अनुरूप निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने टीम-09 के साथ समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी 75 जिलों में रोस्टर के अनुरूप निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद मिल रही है। खदानों से पॉवर प्लांट तक कोयले की ढुलाई के लिए रेल के साथ-साथ सड़क मार्ग का प्रयोग भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की व्यापक आवश्यकता है। भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के दृष्टिगत कार्ययोजना तैयार की जाए। विभागीय मंत्री द्वारा विभाग की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए हर स्तर पर व्यापक बदलाव के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के समयबद्ध भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि लोगों को सही बिल मिले और समय पर मिले। ओवरबिलिंग, फाल्स बिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान करती है। इस व्यवस्था में सुधार के लिए बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए ऊर्जा विभाग को ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। ग्रामीण इलाकों में विशेष प्रयास की जरूरत है। योगी ने कहा कि बिजली बिल बकाए के भुगतान के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लाई जाए।



# अब... लू की मार, उत्तर भारत में पारा 50 डिग्री पहुंचेगा, केंद्र ने बचाव के लिए जारी किए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद अब देश में लू के प्रकोप को झेलने को तैयार रहना होगा। हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिशा निर्देश जारी की है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने एडवाइजरी में नागरिकों को बताया है कि लू से बचाव के लिए और लू लगने की स्थिति में क्या करें, क्या न करें। साथ ही राज्य सरकारों को लू के मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों के लिए प्रचंड गर्मी से राहत रहेगी, लेकिन उसके बाद पारा फिर से चढ़ेगा। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, आईएमडी ने उत्तर भारत में इस बार तापमान 50 डिग्री से ऊपर पहुंचने का अनुमान लगाया है। केंद्र सरकार की ये एडवाइजरी ऐसे समय आई है, जब प्रचंड गर्मी ने उत्तर भारत में 122 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अप्रैल में उत्तर-पश्चिमी इलाकों में औसत अधिकतम तापमान 35.90 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि मध्य भारत में ये 37.78 डिग्री रहा। जो पिछले 120 सालों में सबसे ज्यादा है। पारे ने अप्रैल में ही कई जगह 47 डिग्री का स्तर छू लिया है। दिल्ली की गर्मी में 72 साल का रिकॉर्ड झुलस गया है। इसकी प्रमुख वजह जलवायु परिवर्तन और बारिश में बेहद कमी बताई जा रही है। 1 मार्च से 30 अप्रैल के बीच पूरे देश में 32 फीसदी तो उत्तर पश्चिम भारत में 86 फीसदी तक कम बारिश हुई।

खबरों के मुताबिक, गर्मी के इन्हीं तेवरों को देखते हुए केंद्र सरकार ने दिशा निर्देश जारी करके लोगों को आगाह किया है। सलाह दी गई है कि तेज गर्मी खासकर दोपहर को 12 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलें। जरूरी हो तो छाता लेकर जाएं या सूरज की सीधी रोशनी से बचने के लिए टोपी, तौलिया, गमछा आदि से अच्छी तरह ढककर रहें। नंगे पैर धूप में न निकलें। प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें। ओआरएस आदि लें। मौसमी फल-सब्जियां खाएं। शराब से दूर रहें।

सरकार ने कहा है कि नवजात और छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दिमागी तौर पर परेशान लोगों और बाहर खुले में काम करने वालों को लू लगने का ज्यादा खतरा है। चक्कर आना, हाथ एड़ी व टखने में सूजन, मांसपेशियों में कमजोरी, अकड़न, 104 डिग्री फॉरेनहाइट से ज्यादा बॉडी टेम्परेचर, मिचली उलटी आना, धड़कन बढ़ना, सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षणों को मेडिकल इमरजेंसी माना जाना चाहिए। छोटे बच्चों में खाना खाने से अरुचि, बेहद चिड़चिड़ापन, पेशाब में कमी, आलस, सुस्ती और आंखों में आंसू सूखने को खतरनाक लक्षण करार दिया गया है। कहा गया है कि अगर लू लगने के गंभीर लक्षण दिखें तो 108/102 हेल्पलाइन पर संपर्क करें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्य सरकारों से कहा है कि स्वास्थ्य केंद्रों में 4फ्लूइड, ओआरएस, आइसपैक, ठंडे पानी के अलावा आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं। संवेदनशील क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो। चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और जमीनी कार्यकर्ताओं को उचित जानकारी देकर अलर्ट रखा जाए। ठंडक पहुंचाने वाले उपकरणों को अबाध बिजली मिले। बिजली कटौती की स्थिति में सोलर पावर की इस्तेमाल करें। सभी जिलों में 'गर्मी संबंधी बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना' संबंधी दिशानिर्देशों का दस्तावेज भेजा जाए ताकि लू लगने के मामलों का प्रभावी प्रबंधन किया जा सके। 1 मार्च से सभी राज्यों में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी रखी जा रही है।



## मोदी सरकार ने पिछले 8 साल में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की ओर से भले ही अर्थव्यवस्था में सुधार की बातें की जा रही हो। लेकिन विपक्ष के सुर इससे इतर हैं और मोदी सरकार के दावों को गलत बातकर देश में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर लगातार सवाल भी उठा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी वैसे तो मोदी सरकार पर अक्सर निशाना साधेत रहते हैं। लेकिन इस बार देश में कोयला संकट के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी, ऊर्जा संकट, किसान संकट और महंगाई को देश की बड़ी और खतरनाक समस्या बताते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि उसका ''कुशासन'' इसका उदाहरण हो सकता है कि कैसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक को बर्बाद किया जाए। देश में भीषण गर्मी के मद्देनजर बढ़ती बिजली की मांग के बीच उन्होंने यह ट्वीट किया। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, बिजली संकट, रोजगार संकट, किसान संकट, मुद्रास्फीति संकट। प्रधानमंत्री मोदी का आठ साल का कुशासन इस बात का एक उदाहरण हो सकता है कि कैसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक को बर्बाद किया जाए।''

## राज ठाकरे पर भड़के ओवैसी, कहा इन्हें जेल में डाल दो, दिमाग ठंडा हो जाएगा

लाउडस्पीकर विवाद

**मुंबई।** महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर और हनुमान चालीसा पर मचा घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। औरंगाबाद में रविवार को हुई रैली में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने उद्धव सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि वह 3 मई तक चुप रहेंगे। 4 मई के बाद वह किसी की नहीं सुनेंगे। लाउडस्पीकर पर दोगुनी आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इस पर पलटवार करते हुए एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इनका भाषण हिंसा को बुलावा देने वाला है। इस पर पुलिस स्वतः संज्ञान क्यों नहीं ले रही है। महाराष्ट्र बड़ा है या फिर वह व्यक्ति बड़ा है। ओवैसी ने कहा कि जब नवनीत राणा पर कार्रवाई हो सकती है तो फिर इन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो सकती। साथ ही कहा कि इनको जेल में डाल दें तो दिमाग ठंडा हो जाएगा। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि क्या एक व्यक्ति औरंगाबाद की एकता को खतरे में डालेगा। यह हिंसा के लिए एक खुला आह्वान है। महाराष्ट्र में शिवसेना की सरकार है। सीएम उद्धव ठाकरे अपने ही भाई के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। इसके साथ ही कहा कि क्या आप महाराष्ट्र को दिल्ली बनाना चाहते हैं। ऐसे में एनसीपी क्या कर रही है।



## शाहीनबाग से गिरफ्तार हैदर के मुजफ्फरनगर स्थित ठिकाने से 900 करोड़ की ड्रग्स बरामद



**मुजफ्फरनगर।** गुजरात एटीएस ने एटीएस ने शाहीन बाग से पकड़े गए ड्रग तस्कर हैदर के मुजफ्फरनगर स्थित ठिकाने से 150 किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद की है। बताया जा रहा है कि इस हेरोइन की कीमत करीब 900 करोड़ रुपए है। उल्लेखनीय है कि हैदर को एनसीबी ने शाहीन बाग के एक घर से गिरफ्तार किया था। उसके शाहीन बाग के घर से 300 करोड़ कीमत की 50 किलो हेरोइन ,30 लाख कैश और 47 किलो दूसरे नशीले पदार्थ बरामद हुए थे। गुजरात एटीएस ने हैदर के मुजफ्फरनगर के घर के पास एक पड़ोसी के घर में छापेमारी की और 150 किलो हेरोइन बरामद की। एनसीबी के डीडीजी ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि ड्रग्स केस में हमने लक्ष्मी नगर से हवाला कारोबारी शमीम को गिरफ्तार किया है। ये ड्रग्स का पैसा दुबई में शाहिद को भेज रहा था। अब तक इस सिंडिकेट में कुल 5 लोग गिरफ्तार हुए है। इस सिंडीकेट के तार दुबई, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान से जुड़े हैं। ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि अटारी बॉर्डर और गुजरात में जो हेरोइन बरामद हुई है, ऐसा लगता है कि सबका सोर्स एक है। इसलिए हमारी टीम गुजरात और अटारी बॉर्डर भी पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ करेगी। हमने जिन आरोपियों को पकड़ा है, उनसे पूछताछ के लिए कस्टम की टीम आई है। इससे पहले एनसीबी ने दिल्ली के शाहीन बाग इलाके से 50 किलो हेरोइन बरामद की थी।

## हरदोई में भी7ण सड़क हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत

**हरदोई।** यूपी के हरदोई जिले में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस की तरफ से सोमवार को यह जानकारी दी गई। पुलिस की तरफ से सोमवार को यह जानकारी दी गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि हरदोई जिले में शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन मार्ग पर रविवार को अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला सहित 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। मृतकों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## खास खबर

### हरियाणा में सभी स्कूलों के समय को सुबह 7 बजे से दिन के 12 बजे तक किया गया

**चंडीगढ़।** भीषण लू को देखते हुए हरियाणा सरकार की तरफ से जारी पत्र में सभी स्कूलों के समय को सुबह 7 बजे से दिन के 12 बजे तक कर दिया गया है.यह आदेश 4 मई से राज्य के सभी जिलों में लागू होंगे. सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो आदेश को अपने-अपने जिलों में लागू करवाए. ज्ञात रहे कि पंजाब सरकार ने भी राज्य में भीषण गर्मी के मद्देनजर 14 मई से सभी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है. पिछले कई दिनों से पंजाब और हरियाणा समेत कुछ पड़ोसी राज्यों में अधिकतम तापमान सामान्य से कुछ डिग्री अधिक रहा है. वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर कहा कि अचानक लू चलने और हजारों अभिभावकों तथा शिक्षकों के सुझावों पर विचार करते हुए 14 मई से पंजाब के सभी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा करने का फैसला किया गया है.

### श्रीनगर हवाई अड्डे पर जवान से हथगोला बरामद, पुलिस ने हिरासत में लिया

**श्रीनगर।** श्रीनगर हवाई अड्डे पर सेना के जवान के सामान से कथित तौर पर एक हथगोला बरामद होने के बाद जवान को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जवान की पहचान तमिलनाडु के बालाजी संपत के तौर पर हुई है। वह इंडिगो के विमान में श्रीनगर से दिल्ली होकर चेन्नई जाने वाला था। अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवान के बैग की स्क्रीनिंग के दौरान उसमें से एक हथगोला बरामद हुआ। आगे की जांच के लिए जवान को पुलिस पोस्ट हुम्हामा के हवाले कर दिया गया है। गिरफ्तार सैन्यकर्मी 42आरआर बटालियन में तैनात है। पुलिस ने तुरंत जवान को अपनी हिरासत में ले लिया। बाद में जवान को पुलिस चौकी हुम्हामा ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सैन्य जवान को एयरपोर्ट पर ड्राप गेट पर बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान लगभग सुबह 09.30 बजे पकड़ा गया। सैन्य जवान बालाजी संपत केके नगर थोरापडी, वेल्लोर तमिलनाडु का रहने वाला है। इस बीच रविवार को देर शाम को नौशहरा के नोनियाल स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी के घर के पास मोर्टार मिलने से सनसनी फैली रही। समय रहते इसका पता चलने पर सेना ने मोर्टार को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर विस्फोट से नष्ट कर दिया।

### ईद को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर कड़ी चौकसी, पैनी नजर रखे हुए जवान

**बस्ती।** ईद के त्योहार के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। इतना ही नहीं सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक ने बताया कि नेपाल सीमा पर ईद के त्योहार के मद्देनजर कड़ी चौकसी बरती जा रही है और हर आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। बॉर्डर पर एसएसबी के जवान पैनी नजर रख हुए हैं। वाहनों की चेकिंग हो रही है। बढ़नी-ढेबरूआ मार्ग पर वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ उनका वीडियो रिकॉर्डिंग भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर आने जाने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी करके पुलिस द्वारा रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है, साथ ही उनका मोबाइल नंबर भी लिखा जा रहा है, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल तेजी से हो रही है।

# किसी को भी कोरोना वैक्सीन लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के कोरोना वैक्सीन पॉलिसी को सही ठहराया है. साथ ही यह भी कहा कि किसी भी शख्स को वैक्सीन लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें वैक्सीन डेटा और वैक्सीन को जरूरी बनाए जाने की मांग वाली एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कही. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को क्लीनिकल ट्रायल का डेटा जारी करने के लिए भी कहा. सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को लेकर नाराज़गी जताई कि कुछ राज्य सरकारें सार्वजनिक स्थानों पर वैक्सीन न लगाने वालों को एंट्री नहीं दे रही है. कोर्ट ने इसे अनुचित बताया. साथ ही राज्यों को ऐसे प्रतिबंध हटाने का सुझाव दिया. हालांकि कोर्ट ने ये भी कहा कि सरकार नीति बना सकती है और जनता की भलाई के लिए कुछ शर्तें रख सकती है. सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मौजूदा वैक्सीन नीति को अनुचित और स्पष्ट रूप से मनमाना नहीं कहा जा सकता है. न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने कहा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत शारीरिक स्वायत्तता और अखंडता की रक्षा की जाती है, शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्तमान कोविड-19 वैक्सीन नीति को स्पष्ट रूप से मनमाना और अनुचित नहीं कहा जा सकता. पीठ ने कहा संख्या कम होने तक, हम सुझाव देते हैं कि संबंधित आदेशों का पालन किया जाए और टीकाकरण नहीं करवाने वाले व्यक्तियों के सार्वजनिक स्थानों में जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाए. यदि पहले से ही कोई प्रतिबंध लागू हो तो उसे हटाया जाए. कोरोना का टीके लगवाने से किस तरह के दुष्परिणाम हो रहे हैं इसका डेटा भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को सार्वजनिक करने के लिए कहा है. इसके साथ ही क्लीनिकल ट्रायल का डेटा भी सरकार को जारी करने का आदेश दिया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को टीका लगाने का निर्णय जागरूक और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार होना चाहिए. पीठ ने कहा टीका परीक्षण आंकड़ों को अलग करने के संबंध में, व्यक्तियों की गोपनीयता के अधीन, किए गए सभी परीक्षण और बाद में आयोजित किए जाने वाले सभी परीक्षणों के आंकड़े अविलंब जनता को उपलब्ध कराए जाने चाहिए।



# देशभक्ति के गाने गाकर प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया

### पीएम ने बच्चों से मुलाकात कर फोटों खिंचावाई

**बर्लिन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यूरोप के तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जर्मनी पहुंचे। जर्मनी के बर्लिन शहर में प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री सोमवार को जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज के साथ द्विपक्षीय बैठक करने तथा भारत-जर्मनी अंतर सरकारी विचार विमर्श कार्यक्रम की सह अध्यक्षता करने वाले है।

बर्लिन पहुंचे पीएम मोदी के इंतजार में प्रवासी भारतीय पहले से ही स्वागत के लिए खड़े थे। जैसे पीएम पहुंचे सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री सभी का हालचाल पूछते नजर आए। उन्होंने कई बच्चों के साथ भी बातचीत की। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बच्ची अपने हाथ में पीएम मोदी का स्केच लेकर खड़ी थी। पीएम ने उस बच्ची के साथ फोटो खिंचावकर उस स्केच पर ऑटोग्राफ भी दिया। लोग पीएम के साथ सेल्फी लेने को बेकरार दिखाई दिए। इस दौरान लोग वंदे मातरम के नारे लगाते नजर आए। भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा, हम पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए उत्साहित थे। हम 400 किमी की दूरी तय करके बर्लिन आए। उन्होंने भारतीय मूल के हम सभी का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। इसके अलावा, हम प्रवासी भारतीयों को प्रधानमंत्री के संबोधन में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले मोदी ने यहां पहुंचने पर ट्वीट किया, बर्लिन पहुंच गया। आज मैं चांसलर ओलाफ शॉल्ज से बातचीत करूंगा, कारोबारी दिग्गजों से मुलाकात करूंगा और समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इस यात्रा से भारत और जर्मनी के बीच मित्रता प्रगाढ़ होगी।'' मोदी और ओलाफ छठे भारत-जर्मनी अंतर सरकारी विचार विमर्श (आईजीसी) बैठक की सह अध्यक्षता करने वाले हैं। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बर्लिन की उनकी यात्रा चांसलर शॉल्ज से बातचीत का अवसर प्रदान करेगी, जिनसे उन्होंने पिछले वर्ष जी20 में मुलाकात की थी।



## कुप्रबंधन से पैदा हुई गंभीर स्थिति, 14 मई के बाद करेंगे सीएम उद्धव ठाकरे के बारे में बड़ा खुलासा : फड़नवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से अयोध्या के विवादित ढांचे बाबरी मस्जिद की गूंज सुनाई दे रही है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेंद्र फडनवीस ने राज्य की गठबंधन सरकार के मुखिया उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा है कि आज जो लोग मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारे जाने से डरे हुए हैं, वो कहते थे कि हम बाबरी मस्जिद को गिराने में साथ थे। उन्होंने कहा कि सीएम उद्धव ठाकरे के कुप्रबंधन से राज्य में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा जिस वक्त विवादित ढांचे को ढहाया गया उस वक्त वहां पर कोई भी शिव सेना का नेता मौजूद नहीं था। फडनवीस ने कहा है कि वह 14 मई के बाद उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा खुलासा करेंगे। राज्य के पूर्व सीएम ने सोमैया ग्राउंड में हुई बूस्टर डोज रैली को संबोधित करते हुए राज्य सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा वह इस विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं मानते हैं, वह केवल एक ढांचा मात्र था। फडनवीस ने कहा कि कुछ लोग यह मानते हैं उनका निरादर करना पूरे राज्य का निरादर है। हकीकत यह है कि वह कुछ लोग राज्य नहीं हैं। न ही वह मराठी हैं, बल्कि यहां के 12 करोड़ लोग राज्य हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि लोग उन्हें हिंदू भी नहीं मानते हैं। हालांकि, वो इस बात को नहीं कह सकते हैं।

राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक का जिक्र करते हुए कहा कि वो जेल में हैं। इससे पहले वे वर्क फ्राम होम कर रहे थे और अब वो वर्क फ्राम जेल कर रहे हैं। फडनवीस ने कहा कि शिव सेना की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में हैं। उनके दो नेता जेल में हैं जो बेहद शर्म की बात है। इससे भी खराब बात ये है कि सरकारी फैसलों में वो जेल में बंद अपने मंत्री के फोटो दिखा रहे हैं।



# पंजाब को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी गुजरात टाइटन्स

### शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा मैच

**मुम्बई।** आईपीएल की नई टीम गुजरात टाइटन्स का मुकाबला मंगलवार को पंजाब किंग्स से होगा। गुजरात का इरादा इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाना रहेगा। आईपीएल के इस 15 सत्र में गुजरात का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और उसने अपने नौ में से आठ मैच जीते हैं। इस प्रकार वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। टीम के पास बल्लेबाजी में कप्तान हार्दिक पंड्या के अलावा डेविड मिलर ,शुभमन गिल और राहुल तेवतिया जैसे बल्लेबाज हैं। अब तक हार्दिक के अलावा तेवतिया, मिलर, राशिद खान सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के लिए अच्छी बात यह रही है कि जब भी वह परेशानी में होती है कोई न खिलाड़ी आगे बढ़कर मैच विजेता के रुप में सामने आता है। टीम के कप्तान का भी मानना है कि दबाव के बाद भी खिलाड़ी उभरकर सामने आ रहे हैं।

इससे पहले मैच में जब गुजरात और पंजाब का सामना हुआ था तो तेवतिया ने




आखिरी दो गेंदों पर छक्के लगाकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलायी थी। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा राशिद जैसा स्पिनर है जिनसे पंजाब के बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा। वहीं दूसरी ओर मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली पंजाब अब इस मैच में किसी भी हालत में जीत चाहेगी। पंजाब की टीम के पास बल्लेबाजी में मयंक , लियाम लिविंगस्टोन के अलावा शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि टीम में निरंतरता का आभाव नजर आया है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह हैं जबकि स्पिनर के तौर पर राहुल चाहर हैं। अर्शदीप ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में उसके गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन रहा था पर बल्लेबाज नाकाम रहे थे।

गुजरात की टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने पिछले मैच में सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद दाएं हाथ का यह बल्लेबाज रन बनाने के लिये संघर्ष करता दिखा। अब वह फॉर्म में वापसी का प्रयास करेंगे। गुजरात की ओर से अब तक हार्दिक ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं और टीम उनसे इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद करेगी। इसके अलावा मिलर और तेवतिया 'फिनिशर' की भूमिका में शानदार रहे हैं। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

### टीम इस प्रकार हैं :

गुजरात टाइटन्स = अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या (कप्तान), राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, ऋद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकांडे, डोमिनिक ड्रेक्स, जयंत यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रवि श्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन, यश दयाल।

# फुटबॉल लीग को बेहतर बनायें: दास

**मुंबई।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास के अनुसार देश में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए लीग के ढांचे को मजबूत करना होगा। भारतीय पुरुष फुटबॉल लीग प्रणाली में तीन डिवीजन (इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और आई-लीग दूसरा डिवीजन) शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) है। भारतीय पुरुष टीम का लक्ष्य एएफसी एशियाई कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है। इसके लिए भारतीय टीम को जून में क्वालीफायर मुकाबले खेलने हैं। उसे ग्रुप डी में अफगानिस्तान , कंबोडिया और हांगकांग से खेलना है। दास ने कहा कि भारत में फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है फिर भी हमारी टीम विश्व स्तर पर कहीं पीछे है। इसका कारण लीग संरचना की कमी रही है। भारत ने साल 2007 में आई-लीग की शुरुआत की, जबकि जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने लीग टूर्नामेंटों को बहुत पहले शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि भारत 70 के दशक में जापान को हरा देता था, 60 के दशक में हमने कोरिया को हराकर एशिया कप जीता था पर इसके बाद हमारी टीम का स्तर गिरने लगा। इसका कारण लीग फुटबॉल की शुरुआत में देरी रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इंडियन सुपर लीग की अवधि को और बढ़ाने की जरूरत है। आईएसएल अब देश की शीर्ष लीग है, आई-लीग को एक पायदान नीचे कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम मौजूदा ढांचे को मजबूत करने की कोशिश कर रहे है।

# नडाल , जोकोविच ने रुसी और बेलारुसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध की आलोचना की





**मैड्रिड।** स्पेन के राफेल नडाल और सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने 27 जून से शुरू हो रहे विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है। इन दोनो ही टेनिस खिलाड़ियों का कहना है कि यूक्रेन पर रुसी आक्रमण के कारण इन दोनो देशों के खिलाड़ियों को प्रवेश से रोकना सही नहीं है।

नडाल ने कहा, 'यह रुसी टेनिस साथियों के साथ ज्यादती है। रुस के आक्रमण में खिलाड़ियों का कोई दोष नहीं है।% उन्होंने कहा, 'मुझे उनके लिए दुख है। विंबलडन ने स्वयं ही अपना फैसला लिया। सरकार ने उन्हें ऐसा करने के लिए नहीं कहा था। अब देखना है कि खिलाड़ियों का इस मामले में क्या रुख रहता है। वहीं नडाल और जोकोविच के अलावा एटीपी और डब्ल्यूटीए टेनिस टूर ने भी रुसी और बेलारुसी खिलाड़ियों पर रोके के फैसले की निंदा की है। विंबलडन के इस प्रतिबंध के कारण रुस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव, आंद्रे रुबलेव और अनास्तासिया पावलुचेनकोवा इस टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। ये सभी खिलाड़ी रूस के हैं। इनके अलावा बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका भी विंबलडन में भाग नहीं ले पाएगी। बेलारूस के खिलाड़ियों को इसलिए प्रतिबंधित किया गया है क्योंकि वह रुस के साथ यूक्रेन पर हमले में शामिल है।

### रॉयल्स की जगह आईपीएल अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंची लखनऊ

**मुम्बई।** लखनऊ सुपर जायंट्स टीम ने दिल?ली कैपिटल्स पर मिली जीत के साथ ही आईपीएल 2022 अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है। लखनऊ टीम को 10 में से 7 मैचों में जीत मिली है। वहीं गुजरात 16 अंकों के साथ ही नंबर एक स्थान पर बनी हुई है। लखनऊ की जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद चौथे और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 5वें पर पहुंच गयी है। हैदराबाद और बैंगलोर दोनों ही टीमों के 10-10 अंक है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स टीम 8 अंकों के साथ छठे स्थान पर जबकि 7वें और 8 वें स्थान पर पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम है. वहीं सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत दर्ज करने के बाद भी सीएसके 6 अंक लेकर 9वें स्थान पर बनी हुई है।

# कुलदीप एक असाधारण प्रतिभा वाले खिलाड़ी : पोंटिंग




**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने चाइनमैन स्पिनर कुलदीप यादव की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि कुलदीप एक असाधारण प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग के अनुसार कुलदीप जैसी प्रतिभा वाले खिलाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी देखभाल और प्यार के साथ ही उसपर भरोसा रखने की जरुरत है। कुलदीप पिछले कुछ समय से लगातार खराब फार्म से संघर्ष कर रहे थे पर दिल्ली की टीम में आते ही उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया है।

कुलदीप इस सत्र में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 17 विकेट लिए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स के युजुवेन्द्र चहल 18 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं। आईपीएल से पहले जब भी टीम इंडिया में कुलदीप को शामिल किया गया था तब भी उन्हें अधिकतर समय अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिल पायी। वहीं आईपीएल में पिछली बार उनकी टीम केकेआर ने भी उनके खेलने का अवसर नहीं दिया था। पोंटिंग ने कहा, 'हम इस गेंदबाज के प्रदर्शन से खुश हैं। नीलामी में हम जिन खिलाड़ियों को शामिल करना चाहते थे उनमें से वह एक था।

## वन-टू-वन

### ओसाका और मुगुरुजा मैड्रिड ओपन से बाहर हुईं



**मैड्रिड।** जापान की नाओमी ओसाका और गरबाइन मुगुरुजा मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। ओसाका को महिला एकल के दूसरे दौर के एकल मुकाबले में स्पेन की सारा सोरिब्स टोरमो ने 6-3, 6-1 से हराया। टोरमो ने मैच में 5 बार ओसाका की सर्विस भी तोड़ी। अब टोरमो का मुकाबला अगले दौर में दारिया कसातकिना से होगा। वहीं दारियाने एक अन्य मुकाबले में मारिया सकारी को 3-6, 6-3, 6-1 से हराया था एक अन?य मुकाबले में यूक्रेन की एनेलिना कलिनिना ने मुगुरुजा को सीधे सेटों में 6-3, 6-0 से हराकर सनसनी फैला दी। वहीं इसके अलावा बियांका आंद्रिस्कु ने डेनियल कोलिन्स को 6-1, 6-1 से जबकि ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने मार्ता कोस्त्युक को 6-2, 6-1 से हराया। सिमोना हालेप ने स्थानीय खिलाड़ी पाउला बाडोसा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विक्टोरिया अजारेंका ने तमारा जिदानसेक को 3-6, 6-1, 6-3 से हराया।

### जडेजा पर पड़ रहा था कप्तानी का अतिरिक्त दबाव : धोनी

**मुम्बई)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम की कप्तानी फिर संभालने के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि रवींद्र जडेजा पर कप्तानी का अधिक दबाव पड़ रहा था और इसी कारण उसने कप्तानी छोड़ी है। जडेजा के इस फैसले का सभी ने सम्मान किया है। धोनी ने कहा कि इस सत्र में जडेजा को कप्तानी देने की योजना पहले से ही थी। धोनी ने कहा, %जडेजा को पिछले सत्र से ही पता था कि वह इस साल कप्तानी करने जा रहे हैं। पहले दो मैचों में मैं उनके सहायक की भूमिका में था और फिर मैंने उनसे कहा कि वह अपने फैसले स्वयं लें। साथ ही कहा कि जब आप कप्तान बन जाते हो, तो कई चीजें आपके दिमाग पर प्रभाव डालती हैं। मुझे लगता है कि कप्तानी से उनकी तैयारी के साथ ही प्रदर्शन पर भी असर पड़ने लगा था, यहां तक कि उनके हाथ से कैच भी गिरने लगे थे जो आम तौर पर नहीं होता था , कप्तान के तौर पर मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए फैसले लेने होते हैं। इसके साथ ही उसे अपने खेल के अलावा भी कई चीजों पर ध्यान देना होता है।% धोनी को उम्मीद है कि अब दबाव हटने के कारण जडेजा फिर से अपने पुराने अंदाज में दिखेंगे।

### सकल घरेलू उत्पाद में बढ़े बैंक ऋण की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक होने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबइ।** वर्तमान समय में सकल घरेलू उत्पाद (नॉमिनल जीडीपी) में वृद्धिशील या बढ़े हुए बैंक ऋण की हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष में 50 फीसदी के आंकड़े को क्रास कर सकती है। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में सोमवार को यह संभावना जताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में यह अनुपात 27 प्रतिशत पर रहा था, जो कि पिछले एक दशक का सबसे निचला स्तर है। महामारी से पहले के वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी के अनुपात में बढ़ा हुआ कर्ज 63 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रहा था। वहीं वित्त वर्ष 2019-20 के अंत में सात साल की अवधि की औसत हिस्सेदारी 50 प्रतिशत आंकी गई थी। जीडीपी के अनुपात में ऋण का ऊंचा स्तर यह दर्शाता है कि वास्तविक अर्थव्यवस्था में बैंकिंग क्षेत्र की भागीदारी सक्रिय एवं आक्रामक है। वहीं यह अनुपात कम रहने का मतलब है कि अर्थव्यवस्था को ज्यादा औपचारिक ऋण की जरूरत है। एसबीआई की इकोरैप रिपोर्ट कहती है, 'हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी में बैंक ऋण की हिस्सेदारी फिर से 50 प्रतिशत के स्तर को पार कर सकती है। यह आर्थिक वृद्धि में बैंकों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।' वित्त वर्ष 2021-22 में सभी प्रमुख क्षेत्रों के सुधरे हुए प्रदर्शन से बैंकों के ऋण में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वित्त वर्ष में 10.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील ऋण वृद्धि दर्ज की गई जो एक साल पहले के 5.8 लाख करोड़ रुपये का 1.8 गुना है।

### सरकार ने कहा- देश में खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि देश के पास खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार है और वह इनके दामों एवं आपूर्ति संबंधी हालात पर करीबी नजर रखे हुए है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा ?कि भारत के पास सभी खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि देश में सभी खाद्य तेलों का वर्तमान भंडार लगभग 21 लाख टन है और करीब 12 लाख टन मई में आएगा। इसमें कहा गया कि इस तरह इंडोनेशिया द्वारा पाम तेल के निर्यात पर लगाई गई पाबंदी को भी देखते हुए देश के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी करीब 62 फीसदी है। बयान में कहा गया ?कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग कीमतों और उपलब्धता की स्थिति पर नजर रख रहा है। प्रमुख खाद्य तेल प्रसंस्करण संघों के साथ नियमित बैठकें हो रही हैं जिनमें घरेलू स्तर पर खाद्य तेलों की कीमतों में कमी लाने और उपभोक्ताओं के राहत देने पर बात होती है। इसमें कहा गया ?कि खाद्य तलों के अंतरराष्ट्रीय मूल्य पर दबाव है क्योंकि वैश्विक उत्पादन घटा है और कई देशों में निर्यात कर बढ़ा है।

### बजाज ऑटो की बिक्री अप्रैल में 20 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा कि अप्रैल 2022 में उसकी बिक्री 20 प्रतिशत घटकर 3,10,774 इकाई रह गई। बजाज ऑटो ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 3,88,016 इकाइयां बेची थीं। समीक्षाधीन माह में कुल घरेलू बिक्री 24 प्रतिशत घटकर 1,02,177 इकाई रह गई।

# इस बार अक्षय तृतीया पर 2019 से भी अच्छी रहेगी आभूषणों की बिक्री: कारोबारी

**मुंबई।** कोरोना महामारी का प्रकोप कम होने से आर्थिक गतिविधियों में आ रहे सुधारों को देखते हुए आभूषण कारोबारी इस साल अक्षय तृतीया पर सोने के आभूषणों की अच्छी खरीदारी की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनका मानना है कि इस




बार बिक्री 2019 के स्तर को भी पार कर सकती है। हालांकि कुछ आभूषण कारोबारियों को लगता है कि सोने के दाम में हालिया वृद्धि इसकी राह में एक अवरोध बन सकती है। सोने की खरीदारी के लिए शुभ मानी जाने वाली अक्षय तृतीया देश भर में तीन मई को मनाई जाएगी। एमसीएक्स पर सोने के दाम 52,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 1,897 डॉलर प्रति औंस पर बिक रहा है। कारोबा?रियों का कहना है ?कि भारत में सोने का एक मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव है और त्योहारों के अवसर पर इसके महत्व के साथ इसकी आर्थिक अहमियत भी है। अक्षय तृतीया पर लाखों लोग परंपरागत रूप से सोना खरीदेंगे और कम से कम शगुन के लिए खरीदारी जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड संबंधी प्रतिबंधों में ढील, मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं के साथ आर्थिक विकास से लबरेज जनमानस की भावनाएं त्योहारों के मौसम में सोने की खरीद को प्रोत्साहित कर सकती हैं। हालांकि दिशा तो कीमतों से ही तय होगी। हालांकि बीते कुछ दिनों में कीमतों में कमी आई है और मांग बढ़ने की उम्मीद है।

# 2025 में लांच होगी टाटा की अवीन्या ईवी

### -एक बार चार्ज करने पर 500 केएम चलेगी ये गाड़ी

**नई दिल्ली।** अगले 24 महीनों के भीतर टाटा कूर्व ईवी को लॉन्च करने के बाद 2025 में अवीन्या ईवी को लॉन्च करेगी। टाटा मोटर्स ने अपनी नई इलेक्ट्रिक कार कॉन्सेप्ट अवीन्या से पर्दा उठा दिया है। टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा अवीन्या को भारतीय बाजार के लिहाज से डिजाइन किया गया है। हालांकि, इसे ग्लोबल बाजार में उतारा जाएगा। कार निर्माता ने यह भी खुलासा किया कि वह अगले 24 महीनों के भीतर टाटा कूर्व ईवी को लॉन्च करने के बाद 2025 में अवीन्या ईवी को लॉन्च करेगी। नई इलेक्ट्रिक कार कॉन्सेप्ट का लुक बेहद स्टाइलिश है, जो इसे काफी अट्रैक्टिव बनाता है। कॉन्सेप्ट कार इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ प्रीमियम एसयूवी का प्री-प्रोडक्शन फॉर्म है। कार को टी के रूप में एक अट्रैक्टिव एलईडी स्ट्रिप मिलती है, जो टाटा मोटर्स को दिखाती है। एलईडी स्ट्रिप हैट हेडलैम्प को जोड़ने वाली एक इंटीग्रेटेड एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट की तरह काम करता है।



इसके फ्रंट में भी एक बड़ा ब्लैक पैनल है, जबकि बम्पर तराशा हुआ दिखाई देता है।

इसके साइड प्रोफाइल का की बात करें तो ऑटोमेकर ने इसमें बड़े अलॉय व्हील्स के साथ बोल्डनेस, एसयूवी की मस्क्युलिनिटी, बटरफ्लाई डोर दिए हैं। पीछे की तरफ, इसमें स्लीक एलईडी स्ट्रिप जैसा स्पॉयलर मिलता है, जो कॉन्सेप्ट की पूरी चौड़ाई को चलाता है जो टेललाइट का काम करता है। इसके अलावा इसमें एक एक चंकी बम्पर भी है। केबिन के अंदर टाटा अविन्या ईवी को पूरी तरह से अलग एपीयरेंस के साथ देखा जा सकता है। इसकी खास बात यह है कि इसकी सीटें 360 डिग्री घूम सकती हैं। परफॉर्मेंस और स्पेसिफिकेशन की बात करें तो टाटा अवीन्या ईवी कॉन्सेप्ट 500 किमी से ज्यादा रेंज का वादा करता है। यह डबल इलेक्ट्रिक मोटरों के साथ आ सकता है। यह ऑल व्हील ड्राइव फंक्शन के साथ आएगी।







# भूत की बात करने पर डर जाती हैं हिबा नवाब



अभिनेत्री हिबा नवाब धारावाहिक जीजाजी छत पर कोई है' का हिस्सा हैं, जो एक डरावनी शो है। इसको लेकर अभिनेत्री का कहना है कि वह हमेशा से ऐसी रही हैं, जो असामान्य गतिविधि से सावधान रहती हैं और इस शो ने उसके डर पर काबू पाने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा, जब भी भूतों की बात होती है या कुछ रहस्यमय होता है, तो मैं इससे बाहर रहना पसंद करती हूं। जब मैं भूतों और डरावना चीजों के बारे में बात करती हूं तो मैं बहुत डर जाती हूं और बेहोश हो जाती हूं। शायद, इसलिए मैं दोहरी भूमिका निभाने का आनंद ले रही हूं। साया ने जीजाजी छत पर है कोई में मेरे डर को खत्म करने की कोशिश की है। हिबा का कहना है, उन्हें अंधेरे में सोने से भी डर लगता है। मुझे एक घटना याद है जब मैं घर पर बिलकुल अकेली थी। मैं 3 बजे तक एक शो को देखती रही। मैं लाइट बंद करने से भी डर रही थी और महसूस कर रही थी कि दालान में कोई है। मुझे यकीन है कि यह सिर्फ मेरा डर था, लेकिन मैं कभी भी लाइट बंद करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। बाल कलाकार के रूप में काम कर चुकीं अभिनेत्री हिबा नवाब बरेली की है. उसने 11 साल की उम्र में अभिनय शुरू किया और डेढ़ साल काम करने के बाद वापस बरेली चली गयीं और 16 साल की उम्र में वापस मुबई एक शो 'क्रेजी स्टुपिड इश्क' के साथ आई और अब तक अभिनय कर रही हैं. उनके काम में सहयोग दिया उनके पिता डॉ. नवाब अली ने, क्योंकि उन्हें भी अभिनय पसंद है. हिबा को हर नया चरित्र और उनकी चुनौती बहुत अच्छा लगता है. हिबा किसी भी शो में काम करने से पहले अपनी भूमिका और ग्रो करने के मौके को देखती हैं. सोनी सब टीवी पर उनकी शो जीजाजी छत पर कोई है में डबल रोल कर रही है मैं दिल्ली की एक लड़की सी पी यानि कनाट प्लेस की भूमिका निभा रही हूं, जो बहुत ही कलर फुल, शरारती, चुलबुली और परिवार को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है. वह परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. इसमें मैं डबल रोल में हूं।

## बीग बी के साथ काम कर मैंने एक उपलब्धि हासिल की: इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि आगामी थ्रिलर 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन साझा करना उनके करियर की



बड़ी उपलब्धि है। इमरान कहते हैं, मुझे ऐसा लगा जैसे इंतजार खत्म हो गया है। हम अमिताभ बच्चन सर को देखकर बड़े हुए हैं और इंडस्ट्री में हर कलाकार उनके साथ काम करने की इच्छा रखता है। अभिनेता ने कहा कि बिग बी ने उनके लिए अनुशासन की भावना को प्रेरित किया है। अमिताभ बच्चन सर के अनुशासन को पांच दशकों से अधिक समय तक उद्योग में रहने के बाद भी देखना आश्चर्यजनक है। हमारा उद्योग बहुत अनुशासन-आधारित नहीं है, जिससे कई बार थोड़ी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने मुझे प्रेरित किया है। वह समय के पाबंद हैं, हमेशा समय पर सेट पर पहुंचते हैं। यह एक प्रथा है, जिसका उन्होंने हमेशा पालन किया है। चेहरे का निर्देशन रूमी जाफरी ने किया है और इसमें रिया चक्रवर्ती, क्रिस्टेल डिसूजा, अन्नू कपूर, धृतिमान चटर्जी, रघुबीर यादव और सिद्धांत कपूर भी हैं। फिल्म 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

## सान्या मल्होत्रा की पगलैट का ट्रेलर हुआ रिलीज



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा की अपकमिंग फिल्म पगलैट का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 26 मार्च पर रिलीज होगी। ये फिल्म भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है जो एक मिडिल क्लास परिवार को एड्रेस करती है। इस फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर अब तक 9 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। फिल्म के ट्रेलर में सान्या, संध्या के किरदार में हैं, जिसके पति की मौत हो गई है, लेकिन जहां उसके आसपास हर कोई दुखी है, वहीं संध्या इतनी बड़ी ट्रेजडी के बाद भी दुखी नहीं है। ट्रेलर देखकर आपको भी इस बात की हैरानी होगी, लेकिन कहानी में तब बड़ा बदलाव आता है, जब संध्या को 50 लाख रुपये मिलने वाले होते हैं, जो उसके पति ने जीवन बीमा करवाया था और नॉमिनी में सिर्फ अपनी पत्नी का नाम डाला था। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सान्या ने कहा था कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

# परिणीति ने मुझे फिर से थप्पड़ मारा : अर्जुन कपूर



अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा साल 2012 में आई फिल्म इश्कजादे में पहली बार साथ नजर आए थे और इस बार इनकी जोड़ी अगली फिल्म संदीप और पिंकी फरार में साथ नजर आने वाली है। इस फिल्म के ही एक दृश्य में परिणीति ने अर्जुन को थप्पड़ मारा है। दिबाकर बनर्जी की इस फिल्म में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर गौर फरमाया गया है। अर्जुन ने कहा, महिलाओं के प्रति हिंसा का मुद्दा मेरे जैसे किसी इंसान के लिए बेहद गंभीर है, जो महिलाओं से घिरे एक माहौल में रहकर बड़ा हुआ है। मेरा यह मानना है कि जब आप किसी किरदार को निभाते हैं, तो आपको अपने निजी जीवन से बाहर निकलने की जरूरत पड़ती है, क्योंकि आपको किसी भूमिका को निभाने के लिए ही परियोजना में शामिल किया गया है। ऐसे लोग भी हमारे समाज में है, यह दिखाना पड़ता है। फिल्म के बारे में उन्होंने आगे बताया, मुझे इस फिल्म में भी परिणीति ने थप्पड़ मारा है जैसा कि इश्कजादे में मारा था। लेकिन ऐसा किसी दबाव में रहकर नहीं हुआ है, क्योंकि आपने स्क्रिप्ट पढ़ रखी है। किरदार को लेकर जो मांग है उसे समझा है, स्थितियों को जाना है और फिर कहीं न कहीं आप भावनात्मक रूप से उस किरदार के साथ जुड़ जाते हैं।





## शिवसेना की काट राज

राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की औरंगाबाद रैली को लेकर राजनीतिक गलियारों में एक अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा आगामी बीएमसी चुनावों के लिए मनसे के साथ गठजोड़ करेगी। दोनों पार्टियां अपनी बढ़ती नजदीकियों के संकेत दे रही हैं, वहीं इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि वे गठबंधन करेंगे या नहीं और करेंगे तो कब। फिलहाल अभी तो राज ठाकरे औरंगाबाद रैली को लेकर चर्चा में हैं। मराठवाड़ा सांस्कृतिक मंडल मैदान पर आयोजित रैली में करीब तीन दशक पहले हुए दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की रैली की झलक दिखी है। साल 1988 में बाल ठाकरे ने भी औरंगाबाद में कार्यक्रम किया था। उन्होंने भी हिंदुत्व कार्ड को खेलने के लिए इस मंच का इस्तेमाल किया था। उन्होंने जनता से खान (मुस्लिम) और बाण (शिवसेना का चिन्ह) चुनने का ऐलान किया था। 1980 के समय तक बाल ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना ने खुद को मुंबई, ठाणे में मजबूत बना दिया था। वहीं, मराठवाड़ा क्षेत्र में पैर जमाने में औरंगाबाद रैली ने काफी मदद की थी। औरंगाबाद रैली ने शिवसेना को मुंबई के बाहर हिंदुत्व की राजनीति फैलाने में मदद की। अब 34 साल बाद मनसे ने भी इसी शहर और मैदान का चुनाव किया। राज ठाकरे औरंगाबाद में मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के विरोध में एक रैली करने करने के बाद अब 3 मई से पहले राज्य भर की मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को एक अल्टीमेटम भी दिया है। ऐसा नहीं होने पर मनसे कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतरने और मस्जिदों के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहा है। हाल के महीनों में राज्य के भाजपा नेताओं को कई मौकों पर राज ठाकरे के साथ देखा गया है। पिछले नवंबर में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपनी पत्नी अमृता के साथ मुंबई के दादर में अपने नए घर में राज ठाकरे द्वारा आयोजित लंच में शामिल हुए थे। भाजपा ने स्पष्ट रूप से गठबंधन के सवाल पर वेट एंड वॉच का रुख अपनाया है। यहां तक कि पार्टी मनसे को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह राज्य में शिवसेना के वोट बैंक में सेंध लगा सके। भगवा पार्टी द्वारा अपनाई गई दोतरफा रणनीति मनसे प्रमुख को हिंदुत्व नेता के रूप में प्रचारित करना है। इसे एक कथा के माध्यम से सुगम बनाना है कि उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर सत्ता के लिए अपनी हिंदुत्व विचारधारा से समझौता किया है। इस प्रकार राज ठाकरे को नए हिंदुत्व नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो ऐसे शिवसैनिकों को एक वैकल्पिक मंच प्रदान कर सकता है जो सेना की विचारधारा के कथित कमजोर पड़ने से असंतुष्ट हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इसकी सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। इस मेकओवर के हिस्से के रूप में संगठन ने पहले अपना झंडा बदल दिया। इसे पूरी तरह से भगवा रंग में बदल दिया ताकि हिंदुत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया जा सके। मनसे भी उत्तर भारतीय विरोधी होने की अपनी पुरानी छवि को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण कदम अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर की उनकी योजनाबद्ध यात्रा है, जिसके बाद आदित्यनाथ के साथ राज ठाकरे की बैठक होगी। कुल मिलाकर लगातार गिरते प्रदर्शन से मनसे का भविष्य खतरे में दिख रहा है। अब देखना यह होगा कि राज ठाकरे मनसे को बचाने को और अपना राजनीतिक भविष्य तय करने के लिए कौन सी रणनीति और रास्ता अख्तियार करते हैं।

# (कहो तो कह दूँ ) इन दरुओं के बारे में सरकार नहीं सोचेगी तो कौन सोचेगा?

**चैतन्य भट्ट**

एक बात तो मानना पड़ेगी कि अपनी मामा जी की सरकार अपने प्रदेश के दरुयों के प्रति बेहद संवेदनशील और दया से सराबोर है, उनकी तड़फ सरकार से देखी नहीं जाती द्य अभी देसी और विदेशी दारू के दामों में भारी कमी कर दी थी तो प्रदेश का बजट बिगड़ गया लेकिन दरुयों को कष्ट देने का ही तो मन नहीं होता उसका, एक तरफ दरुये हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश का बजट, किसकी तरफ जाए सरकार, बड़ा ही उलझन भरा सवाल था मामा जी के सामने द्य बड़े सोच विचार के बाद निर्णय हुआ कि देसी और विदेशी शराब के दामों में तीन रूपये की बढ़ोतरी कर दी जाये द्य इधर पेट्रोल के दामों में पचास रुपयों की बढ़ोतरी हो जाती है गैस का सिलेंडर का रेट दोगुना हो गया है एक नीबू दस रूपये का मिल रहा है लेकिन दारू के दामों में कुल जमा तीन रूपये की बढ़ोतरी होने वाली है और वो भी अभी हुई नहीं है उस पर गहन सोच विचार चल रहा है कि प्रदेश के दरुयों पर इतना बोझ डालें या ना डालें, कितनी परेशानी हो जाएगी इन दरुयों को द्य कितनी मेहनत से कमाते हैं और सीधे ठेके पर पंहुचते हैं , प्रदेश की आर्थिक स्थिति में इनका कितना बड़ा योगदान है ये बात अपनी सरकार अच्छी तरह से जानती और समझती है, उसे पता है कि यदि लोगों ने दारू पीना छोड़ दिया तो प्रदेश दाने दाने को मोहताज हो जाएगा क्योकि सबसे ज्याद राजस्व तो ये दरुये ही प्रदेश के खजाने में डालते हैं अब ऐसे लोगो पर उसके दाम बढ़कर उन पर अत्याचार कैसे करे सरकार, यही सवाल तो बार बार उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है द्य दरुयों की वजह से कितने और धंधे चल रहे है पानी के पाउच पानी की बोतलें बिक रही है डिस्पोजल ग्लास की बिक्री हो रही है नमकीन बनाने वालों के लिए तो वे मसीहा है अंडो की बिक्री भी उनके कारण ही हो रही है आबकारी और पुलिस डिपार्टमेंट के अफसर और कर्मचारी उनके ही बल पर लाखों कमा रहे हैं, जिस दिन दरुये दारू पीना छोड़ देंगे ये तमाम लोग सड़कों पर आ जायेंगे, सरकार को ये भी तो सोचना पड़ता है कि इतने सहायक उद्योग एकदम से बंद हो जाएंगे इसलिए वो बार बार यही सोच रही है कि तीन रुपए बढ़ाएं या ना बढ़ाएं । मामा जी की सरकार दुनिया से बुराई ले सकती है लेकिन दरुयों की नाराजगी मोल नहीं ले सकती । वैसे भी दरुये होते बड़े भोले भाले हैं कभी कीमत नहीं पूछते कि पौआ कितने का है अध्धा कितने में दे रहे हो या बोतल कितने की है जितना ठेकेदार कहता है उतने पैसे निकाल कर उसके हाथ में रख देते है कभी किसी ठेके में किसी दरुये को मोल भाव करते देखा है क्या किसी ने? हर दूकान में मोल भाव होता है लेकिन दरुये कभी मोल भाव नहीं करते ऐसे सज्जन और उदार ह्रदय वाले दरुयों के लिये यदि सरकार कुछ सोच रही है तो इसमें ग़लत क्या है?

### समय समय का फेर है भैया

अपन ने तो हमेशा से एक ही सीन देखा है रेलवे में की जब भी कोई यात्री गाड़ी निकलती है तो मालगाड़ी को रोक दिया जाता है जब तक तमाम यात्री गाड़ियां पास नहीं हो जाती तब तक बेचारी मालगाडी उदास उपेक्षित सी रास्ते में कंही भी खड़ी करवा दी जाती है रास्ता देखती है कि कब ये यात्री गाड़िया निकल जाएं और कब उसे हरी झंडी दिख जाये रात हो या दिन , गर्मी हो या ठंड,या फिर मूसलाधार बरसात, मालगाड़ी का कोई ठिकाना नहीं है कंही भी किधर भी घंटो के लिए उसे रोक दिया जाता है और वो बेचारी उफ़ एक नहीं करती, लेकिन कहते हैं न कि वक्त सबका आता है इन दिनों ये मालगाड़ियां जो यात्री गाड़ियों के



लिये घंटो रोक ली जाती थी उन्हें रास्ता देने और बिना किसी रोकटोक के जाने के लिए अब उन्ही मालगाड़ियों को रास्ता देने के लिए रेलवे डिपार्टमेंट ने छह सौ से अधिक यात्री गाड़ियों को केंसिल कर दिया है क्योकि इन मालगाड़ियों में कोयला भरा हुआ है और बिजली संकट के मद्देनज़र हर जगह कोयला पंहुचाना जरुरी हो गया है अब यात्री गाडी में तो कोयला जा नहीं सकता उसके लिए तो मालगाड़ी की ही जरूरत पड़ेगी न, सो मालगाड़ियों का जलवा खिंचा हुआ है इन दिनों जिस भी रूट से निकलती है अपनी मूँछों पर ताव देकर निकलती हैं स्टेशनों पर केंसिल यात्री गाड़ियों पर एक उपेक्षा की नजर डालते हुए ,मानो कह रही हों देखा अपना जलवा तुम तो हमें किसी स्टेशन पर दो चार घंटे के लिए रोक देते थे लेकिन हमने तो तुम्हारे फेरे ही केंसिल करवा दिए द्य इस बात से हमें ये शिक्षा मिलती है कि कभी किसी को कमजोर मत समझो, वक्त किसी का एक सा नहीं रहता और यही मालगाड़ी और यात्री गाड़ियों के साथ हो रहा है द्य

### मेकअप में कमी आ गयी है

अमेरिका की कंज्यूमर रिसर्च फर्म केंटर ने तीन लाख महिलाओ के बीच एक सर्वे किया और ये पाया कि कोरोना काल के बाद मेकअप और ब्यूटी प्रोडक्ट्स की बिक्री में काफी कमी आ गयी है द्य लॉक डाउन के दौरान किसी महिला को न ब्यूटी पार्लर जाने का मौक़ा मिला और न ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने का,बेचारी जैसी थी वैसी ही दिखती रहीं और उनके चाहने वालों ने उनके असली स्वरुप को ही स्वीकार कर लिया द्य वे समझ गए की अभी तक वे अपनी बीबियों और और गर्ल फ्रेंडस को जितना हसीन मान रहे थे वास्तव में वे उतनी हैं नहीं जो कुछ खूबसूरती है वो ब्यूटी पार्लर का ही कमाल है इधर महिलाओं ने भी सोचा कि जब अपने पतियों और बॉय फ्रेंड्स को उनकी सुंदरता की पोल पता लग ही गयी है तो फालतू में इतना पैसा खर्च करने की जरूरत ही क्या है तो उन्होंने ब्यूटी पार्लर जाना छोड़ दिया और ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदना बंद कर दिया द्य कोरोना से एक फायदा तो हुआ कि महिलाओं का खर्च बचने लगा,लेकिनं उन कंपनियों का क्या होगा जो खूबसूरती बढ़ाने के उत्पाद बेचते है उस क्रीम का होगा जो स्किन को ग्लो देने की बात करती है उस फेयर एंड लवली का क्या होगा जो रंग को गोरा बनाने का दवा करती है वे तो कोरोना को पानी पी पी कर कोस रहे हैं न कोरोना आता न महिलाओं की सोचा बदलती।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

बीबी और गर्ल फ्रेंड में कितना अंतर होता है किसी ने श्रीमान जी से पूछा

लगभग तीस किलो का श्रीमान जी ने उत्तर दिया

## आत्मबल के लिए

एक गरीब बुढ़िया थी। अपनी झोपड़ी में अकेली रहती थी। उसके पास एक गाय थी। बस उसी के सहारे वह अपना जीवन निर्वाह करती थी। पर्युषण पर्व चल रहा था। वह अपनी झोपड़ी में बैठी-बैठी रोज देखती थी कि गांव के लोग बहुत ठाट-बाट से पूजा की थाल और प्रसाद आदि लेकर लिए मंदिर जा रहे हैं। उन्हें देख कर बुढ़िया सोचती थी, मैं इतनी ठाट से पूजा नहीं कर सकती, मेरे पास पर्याप्त साधन नहीं है। पूजा की इच्छा दब जाती। एक दिन उसने सोचा, यदि पूजा नहीं कर सकती तो आरती तो कर सकती हूं। बस, यह सोच कर वह उठी, अपनी गाय के दूध से निकाला हुआ घी लिया। पड़ोसी के एक कपास के खेत में से थोड़ी-सी रूई ले आई। एक मिट्टी के दीपक में आरती संजोकर चल दी मंदिर की ओर। अत्यंत श्रद्धा भक्ति से उसने आरती की, जिसके परिणाम स्वरूप आगामी भव में उसे अत्यंत ज्ञानी मुनिराज की पर्याय प्राप्त हुई। न कोई उपवास, न कोई व्रत, केवल पवित्र भावना, श्रद्धा और भक्ति से उसे यह प्राप्त हुआ। किसी शक्तिहीन व्रती प्राणी का उपहास मत कीजिए। संभव है, उसमें शक्ति की अल्पता हो पर भक्ति की प्रबलता हो। कोई छोटा बच्चा पवित्र भावना लेकर व्रत करना चाहता है, तो उसे रोकिए मत, करने दीजिए। उसकी भावनाओं को खंडित मत कीजिए, ठेस मत पहुंचाइए। बल्कि उसे व्रत के वास्तविक उद्देश्य को समझा कर उसके इरादे को और दृढ़ बनाइए। तप के मार्ग को सामान्य मत समझिए। कुछ लोग कहते हैं, तप में क्या रखा है? बेकार है? व्यर्थ है। ऐसा वे लोग कहते हैं जिनमें पुरुषार्थ का अभाव है। जो स्वयं पालन नहीं कर सके, उन्हें कहना चाहिए हम तो नहीं कर पाते, पर आप कर रहे हैं, यह अच्छी बात है। आपका कल्याण हो। उसके प्रति कम से कम अपनी भावनाएं पवित्र रखनी चाहिए।

## भगवान परशुराम ने स्थापित किया समयानुकूल उत्कृष्ट आचरण का आदर्श

**माधवशरण द्विवेदी**

हिन्दू संस्कृति में जिन दशावतारों का वर्णन है उनमें से छटवॉ अवतार भगवान श्री परशुराम जी के जन्म दिन के रूप में भी अक्षय तृतीया को सारे देश में मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ है जिसका कभी नाश न हो स्थायी वही रह सकता है। जो सर्वदा सत्य हो। सत्य केवल परमात्मा है श्री परशुराम जी ही अक्षय है और आज भी जीवित है। युग का प्रारंभ अक्षय तृतीया से होता है युग का परिवर्तन हमेशा अक्षय तृतीया पर होता है सृष्टि के प्रारंभ से आज तक 7 लोग अश्वत्थामा, बलि, ब्यास, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य तथा परशुराम ऐसे हुए हैं जिन्होंने अपने शरीर का त्याग नहीं किया है हैहयवंश का क्षत्रिय राजा सहस्त्रार्जुन ने अनेको प्रकार की सेवा सुश्रुषा करके भगवान दत्तात्रेय जी को प्रसन्न करके उनसे एक हजार भुजायें, शारीरिक बल, अतुल सम्पत्ति प्राप्त कर लिये थे। सहस्त्रार्जुन शक्ति समपन्न होकर प्रभुता के मद में देवताओं और ऋषियों पर अत्याचार करता था। सम्पूर्ण पृथ्वी क्षत्रिय, सहस्त्रार्जुन और उसके दस हजार अत्याचारी पुत्रों के अत्याचार से त्रस्त थी पीडित पृथ्वी तथा ऋषियों ने भगवान विष्णु से सहस्त्रार्जुन को रोकने के लिये प्रार्थना की तब भगवान विष्णु ने जमदग्नि के पुत्र के रूप में माता रेणुका के गर्भ से परशुराम जी के रूप में जन्म लिया। मध्यकाल के सूर्य की प्रचण्ड किरणों जैसी आभा वाले भगवान श्री परशुराम शंकर के परम शिष्य है जिनके विशाल वक्षस्थल पर यज्ञोपवीत शोभायमान है और कांधों पर शत्रु विनाशक धनुष एवं तरकश सुशोभित है वे अपने एक हाथ में शास्त्र एवं दूसरे हाथ में शस्त्र के रूप में अत्यंत तीक्ष्ण धार वाला परशु (फरसा) लिये हुये हैं। भगवान परशुराम ने श्रीराम को विष्णु धनुष प्रदान किया जिससे वह रावण जैसे आतातायी का संहार कर सकें। भगवान कृष्ण को सुदर्शन चक्र भी श्री परशुराम जी द्वारा प्रदत्त है अस्त्रविद्या आशुतोष महादेव ने सिखाई और परशु विद्या श्री गणेश ने परशुराम जी से सत्य की रक्षा के लिये क्रोध आवश्यक है बाली और रावण के विनाश में यही नीति राम के काम आयी थी। परशुराम की ब्रह्म निष्ठ वीरता का संदेश कृष्ण ने गीता में अर्जुन को दिया। भगवान कृष्ण भी जरासंघ के भय से भगवान परशुराम की शरण में गये। ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में प्रमुख महर्षि भृगू के चार पुत्र धाता, विधाता, च्यवन और शुक्राचार्य तथा पुत्री लक्ष्मी हुई। च्यवन के पुत्र मौर्य तथा मौर्य के पुत्र ऋचीक हुए महर्षि जमदग्नि इन्हीं ऋचीक के पुत्र थे इनका विवाह महाराजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका से हुआ था। माता रेणुका ने पांच पुत्रों को जन्म दिया था जिनके नाम रूमणमान, सुषेण, बसु, विश्वावसु ति राम रखे गए। राम यानी परशुधारी राम जब विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार लिया तो लक्ष्मी पृथ्वी के रूप में उनके साथ रही। तेजस्वी परशुराम यज्ञोपवीत संस्कार के बाद शिवजी की अर्चना के लिये हिमालय में अलकनंदा गंगा के किनारे चले गए। शिव ने प्रसन्न होकर शस्त्र, शास्त्र में पारंगत होकर सदा विजयी होने का आर्शीवाद दिया शंकर जी ने उन्हें अस्त्र, शस्त्रों का प्रयोग संहार-उपसंहार की विधि मंत्र सहित प्रदान की। विजया नामक धनुष, अभेद्य कवच अश्वों से युक्त रथ, अक्षय तरकश देते हुये कहॉ ''इससे युद्ध भूमि में तुम्हारी पराजय कदापि संभव नही इच्छानुसार तुम्हारी शक्ति की वृद्धि होती रहेगी'' भीष्म, द्रोण व कर्ण ने भी शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण परशुराम जी से लिया था। परशुराम जी किसी जाति के विरोधी नही थी। बल्कि वह असत्य और दुर्गुणो के विरोधी थे। यही कारण था की जब कर्ण के जाति संबंधी असत्य के बारे में जानकारी मिली तो उन्होने उसे श्राप दिया कि ''यह विद्या तुम अपने संकट काल में भुल जाओगे और महाभारत के समय में ऐसा हुआ भी था। भगवान राम के द्वारा सीता स्वयंवर के समय धनुष तोडा गया तब भगवान परशुराम क्रोध में इसलिये प्रगट हुये क्योंकि यह धनुष स्वंय परशुराम द्वारा त्यागा गया शिवजी का धनुष था। जनक की सभा में राम के सत्य को पहचानते ही धनुष तोडने वाले राम से भेंट के उपरांत उन्होंने अपना फरसा भी त्याग कर तपस्या में लीन हो गये। अपने जीवन में उन्होंने केवल राम का ही लोहा माना। क्षत्रिय राजा सहस्त्रार्जुन मद में अंधा होकर एक बार वह महर्षि जगदग्नि के आश्रम में आया और उनकी कामधेनु छीनकर अपने साथ ले गया क्रोधित जमदग्नि ने राजा सहस्त्रार्जुन का वध कर दिया और कामधेनु लेकर वापिस आ गये। प्रतिकार स्वरूप सहस्तत्रार्जुन के दस हजार पुत्रों ने जमदग्नि की हत्या कर दी थी। परशुराम ने प्रतिकार स्वरूप राजा सहस्त्रार्जुन के दस हजार पुत्रों की हत्या कर दी थी।

## भगवान परशुराम की जन्म स्थली का रहस्य!

**सूडोकु नवताल- 6059**

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6058 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

भगवान परशुराम को अमरत्व प्राप्त हैं।तभी तो वे श्रीराम काल मे मौजूद रहे और श्रीकृष्ण के काल मे भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें चिरंजीवी ही माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति यह भी है कि महेंद्रगिरि पर्वत जो भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना था,कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले लक्ष्मण पर नाराज हुए और फिर उन्होंने श्रीराम का सम्मान भी किया।द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दे दिया था ।चूंकि उन्होंने ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।भगवान परशुराम को

विष्णु का छठा % अवतार% माना जाता है।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है।भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ था। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। वरिष्ठ साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय



द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है।

एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भी भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया । वही शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज %ढकियाइन देवी% के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वही वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते है।कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों की दिशा तक मोड़ दी थी।क्रोधी स्वभाव होने के बावजूद भगवान परशुराम के पराक्रम, विद्वता व उनके अमरत्व गुण के कारण उनके प्रति सारे जगत की आस्था है।

## मोदी की यूरोप-यात्रा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यूरोप-यात्रा बड़े नाजुक समय में हो रही है। वे सिर्फ तीन दिन यूरोप में रहेंगे और लगभग आधा दर्जन यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलेंगे। वे जर्मनी और फ्रांस के अलावा डेनमार्क, स्वीडन, नार्वे, आइसलैंड और फिनलैंड के नेताओं से भी भेंट करेंगे। उनके साथ हमारे विदेश मंत्री, वित्त मंत्री आदि भी रहेंगे। कोरोना महामारी के बाद यह उनकी पहली बहुराष्ट्रीय यात्रा होगी। एक तो कोरोना महामारी और उससे भी बड़ा संकट यूक्रेन पर रूसी हमला है। इस मौके पर यूरोपीय राष्ट्रों से संवाद करना आसान नहीं है, क्योंकि यूक्रेन-विवाद पर भारत का रवैया तटस्थता का है लेकिन सारे यूरोपीय राष्ट्र चाहते हैं कि भारत दो-टूक शब्दों में रूस की भर्त्सना करे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन देर लेयन ने भारत आकर बहुत कोशिश की वे भारत को अपनी तरफ झुका सकें। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री दोनों ने स्पष्ट कर दिया कि वे रूसी हमले का समर्थन नहीं करते हैं लेकिन उसका विरोध करना भी निरर्थक होगा। अब मोदी की यूरोप-यात्रा के दौरान इस मुद्दे को उन राष्ट्रों के द्वारा बार-बार उठाया जाएगा लेकिन यह निश्चित है कि यूरोप के साथ बढ़ते हुए घनिष्ट आर्थिक और सामरिक संबंधों के बावजूद भारत अपनी यूक्रेन नीति पर टस से मस नहीं होगा। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत का यह सुदृढ़ रवैया इन यूरोपीय राष्ट्रों और भारत के बढ़ते हुए संबंधों के आड़े आएगा। फ्रांस के साथ भारत का युद्धक विमानों का बड़ा समझौता हुआ ही है। जर्मनी और फ्रांस दोनों ही यूक्रेन के तेल और गैस पर निर्भर हैं। अभी तक वे उसकी वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा जर्मनी के नए चान्सलर ओलफ शोल्ज़ से भी मोदी की मुलाकात होगी। नोर्डिक देशों के नेताओं से मिलकर भारत के व्यापार को बढ़ाने पर भी वे संवाद करेंगे। पिछले दो-ढाई सौ वर्षों में लगभग सभी प्रमुख यूरोपीय राष्ट्रों ने सारे दक्षिण एशिया, खासकर भारत के कच्चे माल से अरबों-खरबों डॉलर बनाए हैं लेकिन आज इन सारे देशों का भारत के साथ सिर्फ 2 प्रतिशत का व्यापार है। 180 करोड़ लोगों के बीच इतने कम व्यापार के कई कारण हैं लेकिन उसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमारे व्यापारी पूरी तरह अंग्रेजी पर निर्भर हैं। यदि इन देशों की भाषाएं वे जानते होते तो यह व्यापार 10-15 प्रतिशत आराम से फैल सकता है।

# आंगनवाड़ी केन्द्र पर समाजसेवी ने भेंट की सामग्री, केन्द्र संचालन को सराहा



**झुण्डपुरा।** महिला बाल विकास विभाग ने शासन के आंगनवाड़ी केन्द्रों को समाजसेवियों ने गोद लिया है जिसमें समाजसेवी ने आंगनवाड़ी केंद्र को जरुरत की वस्तुएं उपलब्ध करायी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास की एकीकृत परियोजना सबलगढ़ के अन्तर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों को समाजसेवियों ने गोद लिया है तथा केन्द्रों को जरूरत की वस्तुएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। प्रभारी परियोजना अधिकारी रचना जैन एवं सेक्टर सुपरवाइजर भगवती शर्मा के निर्दशन एवं मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाड़ली उत्सव शुरू हुए, जिसमें बच्चों को विशेष भोज दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चों को विशेष भोज कराया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे पहुंचे उन्हें कार्यकर्ता द्वारा शाला पूर्व शिक्षा दी गई तथा मीनू अनुसार पोष्टिक आहार समूह द्वारा प्रदान किया गया, जिसको बच्चों ने चाव से खाया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 12 झुण्डपुरा पर समाजसेवी रमेशचंद्र बुधौलिया ने आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर जरूरत की सामग्री किताबें, डिब्बे, कुर्सी सहित अन्य सामग्री कार्यकर्ता को भेंट की साथ ही आगे जरूरत के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराने का भी वादा किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन देखा व बच्चों से बात की तथा केन्द्र की साफ सफाई देखी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के अच्छे संचालन के लिए सेक्टर सुपरवाइजर भगवती शर्मा तथा कार्यकर्ता एवं सहायिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों को आगे आकर केन्द्रों की मदद करनी चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर के निर्देशन में आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन अच्छे तरीके से कर रही हैं बच्चों को पोष्टिक आहार के साथ शाला पूर्व शिक्षा और खेलकूद खिलाये जाते है, साथ ही गर्भवती, धात्री महिलाओं के साथ किशोरियों को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण और अन्य शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, जो काबिले तारीफ है। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, ममता जाटव सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं सहित बच्चे उपस्थित रहे।



## भारती जनता पार्टी कार्यरिणी कार्यालय पर आयोजित

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम द्वारा आयोजित त्रिदेव प्रशिक्षण बर्ग भारती जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, मप्र सरकार के पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, मप्र पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रघुराज सिंह कंषाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजंय शर्मा, जिला महामंत्री चारुकृष्ण डंडोतिया, बर्ग के मुख्य वक्ता धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता उपस्थित रहे। कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर त्रिदेव, अध्यक्ष, महामंत्री, बी एल ए, की संरचना कर ऑन लाइन फीडिग कर उनके नीचे 20 सदस्यों की टीम को खडा कर पन्ना समिति भी बनाई गई है, जिसका पूरे प्रदेश भर में प्रशिक्षण कराया गया है एवं आने वाले चनावों में वह त्रिदेव बूथ पर पार्टी के लिए वोट बढाने का कार्य करेगी। मंचासीन अथितियों द्वारा अपने-अपने विचारों से पार्टी की नीति-रीति से अवगत कराया गया एवं पार्टी द्वारा प्राप्त निर्देशुनासार प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिनेश शर्मा द्वारा एवं आभार व्यक्त नितिन गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री गुड्डी खटीक, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार,सुरेश शर्मा, कोकसिंह भदौरिया, मंडल उपाध्यक्ष राजू सिकरवार, श्रीमती माला सिंह, दीवान गोड, राकेश खटीक, रामजी लाल राठौर, कोकसिंह यादव, राकेश गुप्ता, अवधेश पाराशर, पूर्व पार्षद लोकेंद्र डंडोतिया, मीना भदौरिया, मीना गुर्जर अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कन्यादान योजना में कन्याओं के विवाह हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**मुरैना।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कन्याओं के विवाह कराने के लिये नगर निगम क्षेत्र मुरैना के निवासियों से योग्य कन्याओं के विवाह के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। नगर निगम कमिश्नर श्री संजीव कुमार जैन ने बताया कि यह आवेदन पत्र 2 मई 2022 सोमवार से सुबह 10ः30 बजे से अपरान्ह 5ः30 बजे तक टाउनहॉल स्थित कार्यालय में लिये जायेंगे। आवेदन पत्र केवल कन्याओं के विवाह के लिये ही प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ कन्या का मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं लड़की बालिक होना चाहिये। विवाह का आयोजन सामूहिक रूप से होगा।

## जिला पंचायत मुरैना ने योजनाओं की उपलब्धियों में प्रदेश में 5वाँ स्थान प्राप्त किया

**मुरैना।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की ग्रेडिंग व्यवस्था एवं जिलों में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष रूचि प्रदर्शित करते हुये बेहतर प्रदर्शन किया गया है। बेहतर प्रदर्शन में जिला पंचायत मुरैना ने 31 मार्च 2022 की स्थिति में विभिन्न योजनाओं में विशेष उपलब्धी के साथ 5 अंकों में से 4.25 औसत अंक (।) अर्जित कर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है, जो सराहनीय है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भोपाल के प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव ने जिला पंचायत मुरैना के सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह को योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति के लिये बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धी बनाये रखने, समर्पण भावना से कार्य करते हुये विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करते रहने की आशा व्यक्त की है।

## खाद्य तेल और तिलहन की स्टॉक सीमा निर्धारित

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल की 27 अप्रैल को अधिसूचना के अनुसार व्यापारी के लिये एक साथ सभी खाद्य तेल और तिलहन की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित की गई सीमा के अनुसार फुटकर व्यापारी 30 क्विंटल खाद्य तेल, थोक व्यापारी 500 क्विंटल खाद्य तेल स्टॉक में रख सकते है। फुटकर व्यापारी 100 क्विंटल खाद्य तिलहन और थोक व्यापारी 2 हजार क्विंटल खाद्य तिलहन का स्टॉक रख सकते है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि जिले के सभी व्यापारी अपने कारोबार के परिसर द्वार पर या किसी अन्य सहज दृश्य प्रमुख स्थान पर विक्रय के लिये रखी गई।

# बकरी को पानी पिलाने गए बच्चे को चंबल नदी में मगरमच्छ ने खींचा, हुई मौत






**मुरैना।** महुआ थाना क्षेत्र के चंबल उसेद घाट से नीचे चुरेलिया घाट पर बकरी को पानी पिलाने गए एक 11 साल के बच्चे को मगरमच्छ ने अपने जबड़े में दबोच लिया और पानी में खींच ले गया। मगरमच्छ बच्चे को लगभग डेढ़ घंटे तक मुंह में दबाए पानी में घूमता रहा, ग्रामीणों ने देखा तो उसमें पत्थर मारे, तब कहीं जाकर मगरमच्छ ने बच्चे को छोड़ा, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को बरामद कर पीएम कराया। जानकारी के मुताबिक उसेद गांव निवासी अनिल सिंह पुत्र छोटे सिंह उम्र 11 साल रोज की तरह अपनी बकरियों को चंबल नदी में पानी पिलाने के लिए गया था। जब वह चुरेलिया घाट पर बकरी को पानी पिला रहा था, उसी समय एक मगर ने उस पर हमला कर दिया। मगर ने बच्चे को अपने जबड़े में दबोच लिया। ग्रामीणों को सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए और मगरमच्छ को ग्रामीणों ने चारों तरफ से पत्थर मारे, लेकिन मगरमच्छ बच्चे के शव को मुंह में दबाए लगभग डेढ़ घंटे तक नदी में विचरण करता रहा। पत्थर लगने से मगरमच्छ बच्चे को शव को छोड़कर चला गया। ग्रामीणों ने ही शव को बाहर निकाला और इसके बाद पुलिस को सूचना दी। बच्चे की जांघ और पैर के पंजे में मगर के दांतो के निशान हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को बरामद किया और पोरसा पीएम हाउस भिजवाया। जहाँ बच्चे का पीएम कराने के बाद बच्चे के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

# बाल विवाह को समाज के सहयोग से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है : शिवहरे

### गार्डन मालिक, बाराती, पंडित, काजी रसोईया पर होगी कार्रवाई, जिले में बाल विवाह रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है

**मुरैना।** बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, इससे बच्चों के शोषण एवं अधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ समाज के विकास पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इस कुरीति को समाज के सहयोग से ही जड़ से समाप्त किया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता एंव चाइल्ड लाइन टीम से जुडे श्री नितिन शिवहरे ने मुरैना जिलेवासियों से अपील की है कि बाल विवाह नहीं करें न ही आसपास बाल विवाह होने दें। बाल विवाह करना गैर कानूनी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के लडके और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह प्रतिबंधित है। कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह कराता है, करता है, उसमें सहायता करता है या बाल विवाह को बढ़ावा देता है। उन्हें 2 वर्ष के कठोर कारावास या 1 लाख रूपए तक का अर्थदंड अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बाल विवाह रोकने के लिए चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, या वन स्टॉप सेंटर के कंट्रोल रूम दूरभाष 07532230021 एवं पुलिस 100 डायल पर भी बाल विवाह की सूचना दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम और फोन नंबर गुप्त रखा जाता है। एक फोन कॉल बाल विवाह होने से रोक सकता है। इसलिए जिम्मेदार नागरिक बनें और बाल विवाह को रोकने में अपना फर्ज निभाएं। बाल विवाह कराने वाले पढ़ ले पूरा नियम, गार्डन मालिक से लेकर ये लोग भी पहुंच सकते हैं सलाखों के पीछे बाल विवाह करने वालों सहित प्रोत्साहित व विवाह में सम्मिलित होने वाले बाराती, सेवा देने वाले जैसे धर्मगुरु, पंडित, काजी, मैरिज गार्डन, टेंट हाउस, कार्ड छापने वाले, हलवाई, ब्यूटी पॉर्लर, घोड़ी वाले, बैंड बाजे वाले, कैटर्स, समाज के मुखिया, सेवाप्रदाता आदि पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई हो सकती है।



## वन स्टॉप सेन्टर ने परिवार को टूटने से बचाया , कुसुम को उसके पति रवि के साथ खुशी-खुशी से घर भेजा



**मुरैना।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप (सखी) सेन्टर मुरैना द्वारा एक परिवार को टूटने से बचाया। श्रीमती कुसुम को उसके पति रवि के साथ खुशी-खुशी उसके घर भेजा। मुरैना जिले की जौरा निवासी श्रीमती कुसुम का विवाह रवि के साथ हुआ था। रवि दिल्ली में काम करता था, इसलिये पति-पत्नि दिल्ली में ही रहने लगे।

श्रीमती कुसुम ने बताया कि पति रवि आये दिन घर में झगड़ा करता था। मेरे पास 4 माह का बच्चा भी है। एक दिन पति रवि ने झगड़े के चलते कुसुम के 4 माह के बच्चे को उससे छीनकर कुसुम को घर से निकाल दिया। वह सीधे अपने मायके जौरा आ गई। जौरा में वह आंगनवाड़ी सहायिका से मिली। सहायिका ने कुसुम को मुरैना में संचालित वन स्टॉप पर शिकायत दर्ज करने का कहा। उसके बाद कुसुम रोती, बिलखती वन स्टॉप सेन्टर मुरैना आई और उसने अपनी सारी परेशानी सेन्टर की प्रशासक श्रीमती अपूर्वा चौधरी को बताया। तब वन स्टॉप सेंटर मुरैना द्वारा उसकी पूरी व्यथा को सुनने के बाद उसके पति रवि को फोन द्वारा वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर आने को कहा गया, महिला अपने बच्चे के पास न होने के कारण बहुत परेशान व पीडा में थी। रवि बच्चे को लेकर आने से बार-बार मना कर रहा था। वन स्टॉप सेंटर मुरैना के द्वारा रवि को कई बार फोन पर समझाया गया और 02 दिन तक रवि की काउंसलिंग की गई कि इतने छोटे दुधमुंहे बच्चे को, उसकी माँ से कैसे अलग रख सकते हो, तब उसकी समझ में आ गया और 02 दिन बाद वह बच्चे को लेकर वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर आ गया। दोनों पति-पत्नि को संयुक्त परामर्श दिया गया। परामर्श के दौरान रवि को समझाया गया कि तुम दोनो पति-पत्नि हो और बच्चा तुम दोनो की प्रथम जिम्मेदारी है। बच्चे को माता-पिता दोनो का प्यार चाहिये और लड़ाई-झगड़ा छोडकर बच्चे के भविष्य की तरफ देखो, उन दोनो पति पत्नि की समझ मे आ गया।

# मुरैना जिले की सांटा और मोधना जवाहर ऐसी पंचायतें जहां शत-प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए



**मुरैना।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रयासरत रहते हैं। विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहे हैं। इसी क्रम में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत गरीब वर्ग के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहें हैं, जिसके अंतर्गत हितग्राही को 5 लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज मिलेगा। मुरैना जिले में कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है एवं अभियान के रूप में पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत जौरा की सांटा और मोधना जवाहर पंचायत में शुरूआत में वीएलई द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए गए, उसके बाद गांव के रोजगार सहायक द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने का जिम्मा अपने हाथो में लिया। लेकिन शत-प्रतिशत लोगों के कार्ड बनाने में अनेक समस्याएं आई, जैसे लोगों के द्वारा रुचि नहीं लेना, योजना के लाभ से अवगत नहीं होने आदि। लेकिन सांटा के जीआरएस शिवप्रसाद शर्मा और मोधना जीआरएस इंद्रजीत सिकरवार द्वारा घर-घर जाकर लोगों से चर्चा की एवं उनको इन लाभों से अवगत कराया। तब जाकर शत-प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बन पाए। सांटा पंचायत में कुल 1455 पात्र हितग्राही थे, जिनमे से 1352 के कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष हितग्राही पलायन, मृत, डबल आईडी वाले हैं, जिनके कार्ड बनाए नहीं जा सकते। इसी प्रकार मोधना जवाहर में कुल 985 पात्र हितग्राही थे, जिनमे से 900 के कार्ड बनाए जा चुके है। शेष 85 में मृत, पलायन, डबल आईडी वाले लोग हैं।

जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह की मेहनत व जीआरएस की हौसला हफजाई से ये संभव हो पाया है एवं उनके द्वारा जनपद सीईओ जौरा गिर्राज शर्मा को निर्देशित किया है कि 8 मई से पहले सभी 70 पंचायतो में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना का लाभ उठा पाये। यह योजना प्रधानमंत्री के अंत्योदय के सपने को पूरा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सके।

# इंदौर के वर्दी वाले सर का कमाल,जिन झुग्गी बस्ती के बच्चों को फ्री में पढ़ाया बच्चों ने आज़ ग्रेड से पास होकर दिखाया

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे





**इंदौर-** इसे कहते है शिक्षा की इच्छा जब वर्दी फर्ज निभाती है देश को गर्व महसूस करवाती है।आपको बता दें कि लगभग 6 सालों से इंदौर के जवान संजय साँवरे फ्री में ऑपरेशन स्माईल के नाम से झुग्गी बस्ती के बच्चों को पढा रहे है और आज इनकी क्लास में पढ़ने वाले लगभग बच्चों ने कमाल कर दिया।यहां अधिकतर बच्चें एक ग्रेड से पास हुए है और महत्वपूर्ण बात यह है के यह सारे बच्चों को वर्दी वाले संजय सर फ्री में पढ़ाते है और अपने स्तर से कॉपी किताब व बच्चों को जरूरत की सामग्री भी खुद दिलाते है संजय जी की क्लास के इन बच्चों में पढ़ने का जूनून इतना है कि यह अपनी मेहनत और लगन से आज अव्वल आएं है।यह नजारा आज हमें यही सिखाता है के आपकी परिस्थिति कैसी भी हो आपने कुछ करने का जूनून हमेशा होना चाहिए।यहां बताना मुनासिब होगा कि संजय जी एक युवा हैं और उनकी युवा सोच ने बच्चो के लिए यह समाजसेवा का भाव देखकर देश के हर उस युवा को प्रेरणा मिलती है जो लोगो की मदद करते हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र लभेडा सेकंड पर स्वरुचि भोज का किया गया आयोजन



**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर** आंगनबाड़ी केंद्र लभेड़ा सेकंड पर लाडली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया जिसमें परियोजना अधिकारी अरविंद तिवारी द्वारा बिस्किट चॉकलेट आदि चीजों का वितरण किया गया एवं उन्होंने साफ सफाई के बारे में बच्चों के लिए सुझाव दिए गए एवं अरविंद तिवारी बच्चों से कुछ गुफ्तगू खेलते हुए और खिलाते नजर आए और यहां पर स्वर रुचि भोजन का आयोजन के बारे में विस्तार से बताया गया यहां पर यहां पर बता दे यह कार्यक्रम 2 मई से 11 मई तक किए जा रहे हैं जिसमें अरविंद तिवारी व पर्यवेक्षक राम कुमारी झा द्वारा केंद्रों का निरीक्षण करना भी जारी है इस मौके पर ग्राम की कुछ महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रैना लोधी सहाय का कलावती आदिवासी कीर्ति लोधी उमा लोधी गिरजा लोधी लीलावती लोधी रामवती लोधी बाई दे लोधी भारती लोधी एवं ग्राम के बच्चे वहां पर उपस्थित रहे

## मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ ने ऊर्जा मंत्री से बिजली कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** नगर खनियाधाना में भ्रमण पर पधारे मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री से मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर



बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली बा संविदा बिजली कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं आउट सोर्स बिजली कर्मचारियों के लिए सम्मानजनक वेतन एवं उनके जॉब सिक्योरिटी के लिए पत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर ऊर्जा मंत्री जी ने शीघ्र समस्याओं का निराकरण किए जाने का आश्वासन देकर कहा कि शीघ्र ही हमारी सरकार आउट सोर्स बिजली कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करेगी इस मौके पर मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सचिव एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी दिनेश प्रताप झस य अवशेष बिजली कर्मचारी जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा धर्मवीर यादव कुलदीप कुशवाह रामाकांत शर्मा पीतम कोली एवं समस्त बिजली कर्मचारी उपस्थित थे

# मप्र नाट्य विद्यालय की अनुदान योजना के अंतर्गत वीमेंस नाट्य संस्था ग्वालियर ने दी शानदार प्रस्तुति

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**नाटक-मुझे भी कुछ कहना है**
**लेखक-सआदत हसन मंटो**
**निदेशक-गोविंद परमार**



**ग्वालियर-** जेयू के गालव सभागार में वीमेंस थियेटर संस्था ने ÷मुझे कुछ कहना है÷नाटक का मंचन किया।इस नाटक में महिला संघर्ष की तीन कहानियों को दिखाया गया।कहानी तीन वैश्याओ की कहानी पर आधारित है।जिसमे पहली कहानी(काली सलवार)जिसमे सुलताना की मनोस्थति बताई गई है कि किसी भी कीमत पर उसे काली सलवार चाहिए।दूसरी कहानी(हतक)मे सुगंधी किसी ग्राहक के प्यार मे पड़कर टूट जाती है और अपनी जिंदगी से निकाल देती है और फिर किसी पर विश्वास नही करती है।तीसरी कहानी(100 कैण्डल पावर का वल्व)जिसमे सकीना जो कि बहुत सारे लोगो से अत्याचार खाई हुई वैश्या है जो कि एक समय बाद अपना आपा खो देती है और दलाल को मार डालती है।इसमें एक प्रेम में धोखा खाने के बाद की उसकी स्तिथि को दिखाया गया है।जबकि अन्य महिलाओं ने वैश्यावृत्ति में फंसने के दर्द को बयां किया।नाटक के पात्रौ में मुजरा-पूजा मांडिल,हेमा कश्यप, नीरजा, अंजली भारती, गोविंद परमार/ दीपक, बृज, विनी गुप्ता, गोविंद तोमर, भारती, रमन रावत, ज्योति अतरोलिया, सत्यवीर राजपूत, श्वेता राठौर, रोहित सेन, मुस्कान बंजारा, दीवा चौहान आदि के नाम शामिल हैं।वहीं नाटक के लेखक सआदत हसन मंटो व निदेशक गोविंद परमार हैं

## विधायक एल. नागेन्द्र का पृथ्वीसिंह ने राजस्थानी साफा पहनाकर किया सम्मान



नारायणलाल सेंणचा/पुष्पाजंली टुडे

**मैसूर =**चामराजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एल.नागेन्द्र का श्री महाराणा प्रताप राजपूत मंडल मैसूरु के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत की ओर से जोधपुरी साफ़ा व माला पहनाकर शाल द्वारा सम्मान कर स्मृति चिह्न के रूप में गाय की तस्वीर भेंट की गई द्य इस अवसर पर मनोनीत पार्षद चिकवैकटू,भीमराज परिहार, दिलीप सिंह भाटी, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

## महेंद्र मुणोत ने ध्वज लहराकर किया रेली का शुभारंभ



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर=** रविवार को कर्नाटका चिल्ड्रंस एसोसिएशन द्वारा बच्चों में छुपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चामराजपेट में आयोजित 54ह्लद्ध ग्रीष्मकालीन शिविर के दरमियान जन जागृति के उद्देश्य से आयोजित विशाल रैली का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने ध्वज लहरा कर रेली का शुभारंभ किया।इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में बच्चों ने भाग लिया बच्चों ने जयकारें लगाते हुए और ध्वज लहराकर रेली निकाली

# पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक एवं सुमेरपुर के पूर्व विधायक मदन राठौड़ ने सोमवार को जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष माथुर से मुलाकात कर पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए प्रभावी एवम कड़े फैसले लेने के साथ ही जन सहयोग लेने का आग्रह किया

पुष्पांजली टुडे



**पाली ।** राठौड़ ने कहा कि विभाग उपखंड स्तर पर निजी कुओं को चिन्हित कर उनका अधिग्रहण कर जनता को पेयजल उपलब्ध करवाए, जालौर जिले के सीमावर्ती निर्धारित विभागीय प्वाइंट एवम जोधपुर से ज्यादा से ज्यादा पानी उठाने का उपक्रम करें, इस कार्य में यदि आवश्यक हो तो स्वंमसेवी संस्थाओं सहित भामाशाहओ का सहयोग लिया जावे। राठौड़ ने कहा कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के जिन गांवों में कंटीजेंसी प्लान के तहत ट्यूबवेल, हैंडपंप स्वीकृत किए है, उन्हें तत्काल खुदवाया जावे, ताकि वो जनता के काम आ सके। कई गांवों में ट्यूबवेल खुदे पड़े हैं, विद्युत विभाग की लापरवाही से वो अभी तक कमिसएंड नहीं हुए हैं, जिससे उनका लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है। गांवों में मूक पशुओ के पेयजल के लिए अवालो में टैंकर से पानी पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतों को वित्तीय अधिकार दिया जावे। राठौड़ ने कहा कि उनके क्षेत्रीय दौरे में कई भामाशाह एवम् कुओं के मालिकों ने अपने संसाधन टैक्टर, टैंकर इत्यादि व कुएं जनहित में सरकार को सौंपने की इच्छा व्यक्त की। जिससे आमजन को पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके।

## वोहरा समाज ने ईद की नमाज अदा कर देश की खुशहाली के लिये की दुआ

### समाजसेवी अखिल राय ने दी ईद की बधाई

**पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** सोमवार को वोहरा समाज के पावन त्योहार ईद पर वोहरा मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर देशवासियों की सुख समृद्धि एवं भाईचारे के लिये दुआ की गई।



तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री अखलेश राय ने मस्जिद पहुंचकर वोहरा समाज को ईद की दी मुबारकबाद। वोहरा समाज के जनाब साहब व समाज के गणमान्य नागरिकों ने अखलेश राय को शॉल भेंट कर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज जनों वोहरा समाज के जनाब साहब मुफद्दल भाई कमरी, शेख काईद, मन्नान भाई, मुस्तफा हुसैन, शब्बीर हुसैन, शरीफ भाई, अलमदार हुसैन, जोयेब भाई, हुसैन भाई लोहे वाले, ताहिर अली, मोहम्मद अली, शब्बर सेफी, फखरुद्दीन सैफी, हकीम भाई, मजाहिर भाई, बाबू भाई, हातिम भाई, खोजेमा बाबा, मुर्तुजा भाई आदि उपस्थित थे।

# जल संकट में जवाई बाँध का रिज़र्व पानी सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र को उपलब्ध हो: विधायक कुमावत

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**



**सुमेरपुर** विधायक जोराराम कुमावत ने आज जवाई बाँध डेड स्टोरेज से पम्पिंग कर लिये जा रहे पेयजल कार्य स्थल का बाँध के अन्दर जाकर निरीक्षण किया 7 जवाई बाँध में वर्तमान में 418 स्ष्ट्स्न्ञ्ज पानी है जिसमें से 100 स्ष्ट्स्न्ञ्ज पानी पम्पिंग कर निकालने लायक है शेष पानी में गीली मिट्टी है जो पम्पींग कर के भी नही निकाल जायेगे 7 सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के 80 प्रतिशत गाँवों में जवाई बाँध का पानी देना पेयजल विभाग ने बन्द कर दिया है7 सुमेरपुर व तखतगढ़ नगरपालिका में 8 दिन से आधे घंटे पानी दिया जा रहा है 7 जवाई बाँध का पुरा पानी पाली शहर को दिया जा रहा है व बाणियावास बाँध का भी पुरा पानी पाली शहर को दिया जा रहा है 7 वर्तमान में दोनों बांधो का पानी पाली शहर को दिया जा रहा है जिससे सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है 7 सभी गांवो में स्थानीय स्त्रोत भी अभी नही है 7 सभी गांवो में टेंकरो की व्यवस्था भी अभी प्रशासन द्वारा उपलब्ध नही है करवाए गए है जिससे हर गाँव में पीने के पानी व पशुओ के पीने के पानी समस्या उत्पन्न हो गई है 7

विधायक ने जिला कलेक्टर नमित मेहता से दूरभाष पर बात कर बाणियावास बाँध का पानी पाली शहर को देने व जवाई बाँध का पानी सुमेरपुर विधानसभा के गांवो व शहरो में सप्लाई देने की मांग की 7 पाली शहर के लिये ट्रेनों से पानी आ रहा है व जोधपुर से पाईप लाईन द्वारा पाली शहर के लिये पानी लाने का आग्रह किया 7 विधायक कुमावत ने कलेक्टर मेहता को बताया की सुमेरपुर विधानसभा के लिए जवाई बांध के अतिरिक्त कोई अन्य पेयजल साधन नहीं है 7 15-20 दिन में जवाई बाँध का पानी खत्म हो जायेगा तब सुमेरपुर व तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र सहित सुमेरपुर, पाली, रानी पंचायत समिति को पानी कहां से उपलब्ध होगा 7 अब यदि जाई बाँध का सारा पानी पाली शहर को दे दिया तो एक महीने बाद सुमेरपुर तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र व विधानसभा के सभी गांवो में ट्रेन मंगवाकर पानी सप्लाई करना पड़ेगा 7 अत= आने वाले संकट को समझते हुए जवाई बाँध का पानी सुमेरपुर विधानसभा के गांवो शहरो में ही दिया जाये अन्यत्र नही दिया जाये 7

विधायक कुमावत ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को 9 महीने पुर्व में ही ज्ञात था कि जवाई बाँध में पानी कम है ऐसे हालत में जावाई बाँध से पेयजल से जुड़े 811 गाँवो को पेयजल कहां से उपलब्ध करायेगे 7 इस बारे में विभाग द्वारा कोई ठोस प्लान नही बनाया 7 यदि पाली, सोजत, मारवाड़ जक्शन के गांवो को जोधपुर से पाईप लाईन द्वारा योजना बनाकर उचित समय पर कियान्विति कराते तो आज सबको इस गंभीर संकट से नही जूझना पड़ता 7 विधायक ने जवाई बाँध में वर्तमान में जितना पानी है उसे सुमेरपुर,तखतगढ़ नगरपालिका क्षेत्र व सुमेरपुर विधानसभा के क्षेत्रो में ही सप्लाई कराने की मांग जिला कलेक्टर से की, तथा वर्तमान जल संकट को देखते हुए स्थानीय गाँवों में स्थानीय जल स्त्रोत ट्यूबवेल, हैंडपंप, कुँए और अन्य साधन अतिशीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग की 7 इस मौके पर उनके साथ सुमेरपुर चेयरमैन प्रतिनिधि अनोप सिंह राठोड, मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, जिला मंत्री पूनम सिंह परमार, रविकांत रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालाराम देवासी, मांगीलाल परमार, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता सहित अन्यजन मौजूद रहे 7

## पुलिस थाना पिछोर ने छोटे भाई के विवाह समारोह में शराब पीकर उत्पात करने वाले बड़े भाई को दबोच कर जेल भेजा

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** खबर पिछोर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरी से आ रही है जहां पर शादी समारोह में कर रहा था रंग में भंग दिनांक 2/5/22 आज दिनांक को ग्राम सेमरी निवासी मुन्नी रजक ने थाना पिछोर में रिपोर्ट की



उसके देवर दिनेश रजक का आज विवाह है व बारात जाना है मेरा पति शिव कुमार रजक कल रात से शराब पीकर शादी समारोह में उत्पाद कर रहा है व शादी में आए मेहमानों को भगा रहा है रिपोर्ट पर तत्काल पिछोर थाना पुलिस ने शिव कुमार रजक को उसके घर सेमरी रतनपुर से धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया पिछोर एसडीएम के समक्ष पेश किया गया आरोपी को एसडीएम जेपी गुप्ता ने जेल भेजा शिव कुमार रजक शराब पीने का आदि है और शराब के नशे के लिए परिवार वालों से रुपए मांगता है नहीं देने पर पत्नी मुन्नी की मारपीट करता है इसी कारण उसकी पत्नी कई वर्षों से मायके में रहती है वह अपने देवर की शादी में ससुराल आई थी आरोपी पत्नी को भी परेशान कर रहा था शिव कुमार की जेल जाने से अब उसकी छोटे भाई दिनेश की शांति से हो सकेगी शादी थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में गिरफ्तार करने में आरोपी शिव कुमार को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान जहान सिंह प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर की रही मुख्य भूमिका

## वन-टू-वन

### लगातार बढ़ रहा कोरोना, 23 नए पॉजिटिव मिले, एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 190 हुआ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में उतार चढ़ाव जारी है। रविवार को 7514 लोगों की जांच की गई थी, जिसमें 23 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या 190 पहुंच गई है। प्रदेश के अलग-अलग अस्पतालों में 18 मरीज भर्ती हैं। इनमें से दो ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। प्रदेश में अब तक 10 लाख 41 हजार 514 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 10 लाख 30 हजार 589 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण अब तक 10735 लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को 4 मरीज ठीक हुए। प्रदेश में रविवार को 23 नए संक्रमित मिले। इनमें भोपाल में 7, ग्वालियर में 2, इंदौर में 3, खंडवा में 1, मुरैना में 3, रायसेन में 1 सागर में 1, शिवपुरी में 4, उज्जैन में 1 संक्रमित मिला है।

### सपाक्स अब हुआ स्पीक

**भोपाल।** सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संस्था और सपाक्स पार्टी के बीच चल रहा अंदरुनी झगड़ा रविवार को सामने आ गया। अपने प्रांतीय अधिवेशन में संस्था ने साफ किया है कि सपाक्स पार्टी के कारण उसकी गैर राजनीतिक छवि छिन्न-भिन्न हुई है। इसलिए संस्था का संक्षिप्त नाम सपाक्स से बदलकर स्पीक कर दिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि उसका राजनीतिक पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। अधिवेशन में संस्था के दो साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई। सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के कर्मचारियों की यह संस्था पदोन्नति में आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है। दो अक्टूबर 2018 को सपाक्स पार्टी अस्तित्व में आई और प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 109 पर चुनाव भी लड़ा, पर सफलता नहीं मिली। इसके बाद से संस्था और पार्टी की राह अलग हो गई। संस्था के संस्थापक सदस्य अजय जैन और प्रदेश अध्यक्ष केएस तोमर ने कहा कि पार्टी के क्रियाकलापों का असर संस्था पर पड़ता रहा। संस्था पूरी तरह गैर राजनीतिक है और सिर्फ कर्मचारियों के लिए काम करेगी। संस्था ने सरकार से अपील की है कि कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए ऐसे कोई नियम न बनाएं, जो न्यायालय के मार्गदर्शी सिद्धांतों के विपरीत हों। नियमों में क्रीमीलेयर की स्पष्ट अवधारणा हो। सिद्धांतों के विरुद्ध नियम बने तो संस्था फिर से न्यायालय जाएगी।

### दो साल बाद मस्जिदों में दिखी रौनक, बोहरा समाज ने ईद मनाई, आज मुस्लिम मनाएंगे

**भोपाल।** खुदा की इबादत का महीना रमजान पूरा होने के साथ ही शहर सहित प्रदेशभर में दाऊदी बोहरा समाज ने ईद की नमाज पढ़कर ईद मनाई, वहीं मंगलवार को मुस्लिम समाजजनों द्वारा चांद दिखने पर ईद मनाई जाएगी। चूंकि दो साल से कोरोना महामारी के चलते त्यौहारों की रौनक कुछ कमजोर दिखाई दे रही थी, लेकिन इस बार सारे प्रतिबंध हटने के कारण ईद धूमधाम से मनाई जाएगी। रमजान माह की शुरूआत के साथ ही मुस्लिम और बोहरा समाजजनों ने रोजे रखे, इस पूरे माह बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों ने रोजे रखकर खुदा की इबादत की, सोमवार को बोहरा समाज द्वारा प्रदेश के अधिकतर जिलों में ईद मनाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में बोहरा समाजजन उपस्थित हुए, जहां अमन चेन की दुआ कर ईद की नमाज भी पढ़ी गई। भोपाल में इस बार ईद का उत्साह काफी अधिक नजर आया, दो साल प्रतिबंध के बाद इस बार बाजार में भी काफी रौनक दिखाई दी, दिन में भीषण गर्मी के कारण जरूर बाजारों में सन्नाटा नजर आया, लेकिन शाम होते ही बाजार गुलजार नजर आए, लोगों ने इस बार जमकर कपड़े खरीदे और ईद की सभी आवश्यक तैयारियां की।

### जेलेंस्की ने कहा- नैन्सी पेलोसी की कीव यात्रा को समर्थन एक अहम कदम

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी से कीव में हुई मुलाकात को मुश्किल समय में समर्थन का एक अहम कदम बताया। पेलोसी और अमेरिका के पांच से अधिक सांसदों ने सप्ताहांत में जेलेंस्की और उनके शीर्ष सहयोगियों से मुलाकात की थी, जो करीब तीन घंटे चली थी। रूसी सेना से घिरे राष्ट्र के साथ अमेरिकी एकजुटता दिखाने और जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए इन नेताओं ने यूक्रेन की यात्रा की। जेलेंस्की ने रविवार शाम टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि पेलोसी के साथ बैठक में यूक्रेन को रक्षा आपूर्ति, वित्तीय समर्थन और रूस के खिलाफ प्रतिबंधों सहित कई मुद्दों पर बातचीत हुई। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोग उन सभी भागीदारों के आभारी हैं, जो इतने कठिन समय में हमारी राजधानी का दौरा करके समर्थन के ऐसे महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली संकेत दे रहे हैं। इसके अलावा जेलेंस्की ने बताया कि फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से रूस के साथ मिलकर बनाए गए मानवीय गलियारों से 3,50,000 से अधिक लोगों को युद्ध क्षेत्रों से निकाला गया है। बड़ी संख्या में नागरिकों को बमबारी की मार झेल रहे मारियुपोल शहर में इस्पात संयंत्र से रविवार को निकाला गया था।

### मारियुपोल में इस्पात संयंत्र से लोगों को सुरक्षित निकाला

**कीव।** यूक्रेन के मारियुपोल शहर में एक इस्पात संयंत्र से कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिसके तत्काल बाद रूसी बलों ने गोलाबारी फिर से शुरू कर दी। यूक्रेनी नेशनल गार्ड ब्रिगेड के कमांडर डेनेस शलेगा ने टेलीविजन पर दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि एजोव्स्ताल इस्पात मिल से आम नागरिकों को पूरी तरह से निकालने के लिए अभी कम से कम एक बार और अभियान चलाना होगा। इस्पात संयंत्र के नीचे बंकरों में बड़ी संख्या में वयस्कों के अलावा कई छोटे बच्चे छिपे हैं। बचाव दल ने जैसे ही संयंत्र से आम नागरिकों को निकालने का काम बंद किया, गोलाबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के अनुसार संयंत्र में अब भी सैकड़ों आम नागरिक तथा करीब 500 घायल सैनिक फंसे हुए हैं।

# मध्यप्रदेश में पत्रकार स्वाभिमान यात्रा निकालेगा प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया

पुष्पांजली टुडे

**इंदौर।** प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की बैठक इंदौर में गोवर्धन होटल रेस्टोरेंट में बडी ही धूमधाम से संपन्न हुई जिसमें प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविंद्र सिंह जी पवैया तथा मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव पवन कुमार शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे यह बैठक पत्रकार स्वाभिमान यात्रा के उपलक्ष्य में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह पवैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें इंदौर संभाग के समस्त पदाधिकारी एवम समाजसेवी, समाजसेविका व गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।



उपरोक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा यहभीबतायागयाकि यह पत्रकार स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ ग्वालियर, चंबल संभाग से किया जाएगा एवं अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा गौरव अग्रवाल को इंदौर जिले का जिलाध्यक्ष घोषित करते हुए गले में फूल मालाएं पहना कर व प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस प्रकार बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बारी बारी से फूल मालाएं पहनाकर स्वागत वंदन अभिनंदन किया इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह पवैया का राष्ट्रीय प्रचारक श्री शंकर पवार व एडवोकेट नलिनी मधुराज द्वारा सोल श्री फल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया फिर बारी बारी से सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रविन्द्र सिंह पवैया व पदेश सचिव श्री पवन कुमार शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर व गले मिलते हुए बड़े हर्ष उल्लास से स्वागत सम्मान वंदन अभिनंदन किया गया। जहां पर बैठक में मुख्य रुप से प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश श्री पवन कुमार शर्मा जी, श्री संदीप सोनी (इंदौर समाचार), अरुण ओहारी जी, शंकर पंवार जी, अर्जुन कुमावत जी, विनोद यादव जी, आकाश अग्रवाल जी, कांता अग्रवाल जी, पूनम मनावत, सुशीला नायक, नलिनी मधुराज एडवोकेट, सहित अन्य प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघके पदाधिकारी व समाजसेवी बड़ी संख्या में विशेष रूप से मौजूद रहे जहां पर मंच संचालन करते हुए श्री आकाश अग्रवाल राष्ट्रीय महा मंत्री द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### मांगों को लेकर पोस्ट कार्ड अभियान चलाएगा कर्मचारी मंच

**भोपाल।** पुरानी पेंशन पुनः लागू करने तथा न्यू पेंशन योजना 2005 एनपीएस को वापस लेने, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, पदोन्नत प्रक्रिया पुनः शुरू करने वृत्तिकर समाप्त करने सहित 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मप्र कर्मचारी मंच अब पोस्ट कार्ड अभियान चलाएगा। मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले 7 माह से मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच निरंतर आंदोलन एवं प्रदर्शन करके राज्य सरकार से पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल करने एवं न्यू पेंशन योजना 2005 एनपीएस को वापस लेने, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, पदोन्नत प्रक्रिया शुरू करने, शासकीय कर्मचारियों एवं स्थाई कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, 10 साल की सेवा पूर्ण होने पर कर्मचारी को पूर्ण पेंशन देने, सीधी भर्ती पर रोक लगाने, रिक्त प्रदेश के 62 विभागों में 2,00,000 पदों पर स्थाई कर्मियों, संविदा कर्मचारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित करने वन सुरक्षा श्रमिकों को दैनिक वेतन भोगी का दर्जा देने एवं नियमित करने आदि सही तो 15 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

# कांग्रेस के सदस्यता अभियान को बड़ा झटका

### 3 विधानसभा क्षेत्रों में नहीं बना एक भी नया सदस्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले खुद को संगठन के तौर पर मजबूत करने में लगी कांग्रेस के सदस्यता अभियान से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। कांग्रेस के प्रदेश भर में चलाए गए सदस्यता अभियान में 3 विधानसभा क्षेत्र ऐसे रहे जहां कांग्रेस एक भी नया सदस्य नहीं बना पायी। हैरत करने वाली बात ये है कि ये तीनों विधानसभा सीट एक ही जिले की हैं जहां शिवराज सरकार के मंत्रियों का कब्जा है। मध्य प्रदेश में जोर शोर से चलाए जा रहे कांग्रेस के सदस्यता अभियान को सागर जिले में बड़ी निराशा हाथ लगी। यहां के तीन विधानसभा क्षेत्रों- सुरखी, रहली और खुरई में कांग्रेस एक भी नया सदस्य नहीं बना पायी। इन तीनों सीट पर बीजेपी सरकार में मंत्री गोपाल भार्गव, गोविंद सिंह राजपूत और भूपेंद्र सिंह का कब्जा है। सुरखी विधानसभा सीट से मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, रहली से गोपाल भार्गव खुरई से भूपेंद्र सिंह विधायक हैं। इनमें से गोविंद सिंह राजपूत कांग्रेस से पाला बदलकर बीजेपी में गए हैं।




**रहली-सुरखी-खुरई खाली:** पीसीसी ने इन तीन इलाकों में जिन नेताओं को सदस्यता बुकलेट भेजी थी उन नेताओं ने बुकलेट अभी तक जमा नहीं की है। यानी कि इन 3 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को सक्रिय सदस्य नहीं मिल पाए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सदस्यता अभियान के प्रभारी पीसी जैन ने बताया कि सागर जिले में कांग्रेस का सदस्यता अभियान सबसे कमजोर रहा है। यहां पर सिर्फ 30,000 सदस्य बन पाए हैं। सागर के 3 विधानसभा सीटों रहली, सुरखी और खुरई में कांग्रेस को अभी एक भी सक्रिय सदस्य नहीं मिला है।

**50 लाख का लक्ष्य, बने सिर्फ 25 लाख:** कांग्रेस ने इस बार 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था। उसके एवज में सिर्फ 25 लाख सदस्य ही बन पाए हैं। सबसे ज्यादा सदस्य छिंदवाड़ा जिले में बने हैं जो पीसीसी चीफ कमलनाथ का इलाका है। लेकिन सबसे कमजोर प्रदर्शन सागर जिले में रहा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के जिले दतिया तक में कांग्रेस ने रिकॉर्ड सदस्य बना लिए लेकिन सागर में वो तीन सीटों पर चित्त हो गयी। ऐसे में सवाल इस बात को लेकर है कि इन 3 विधानसभा सीटों से आया रुझान कहीं 2023 के चुनाव में कांग्रेस के लिए मुश्किल न खड़ी कर दे।

**कांग्रेस मुक्त भारत की शुरुआत:** कांग्रेस के सागर जिले में पिछड़े सदस्यता अभियान पर बीजेपी को तंज करने का मौका मिल गया है।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिवलोक ग्रीन रहवासी कल्याण समिति के सदस्यों के साथ पौधे रोपे



### पत्रकार श्री धनोतिया ने भी किया पौधरोपण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रतिदिन पौधा लगाने के अपने संकल्प के साथ ही वृक्षारोपण में सामुदायिक सहभागिता को भी निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोमवार को स्मार्ट सिटी पार्क में शिवलोक ग्रीन रहवासी कल्याण समिति के सदस्यों के साथ नीम और करंज के पौधे रोपित किए। वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक श्री राजेन्द्र धनोतिया ने अपने पिता स्व.रामचन्द्र धनोतिया की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में पौधे लगाए। श्री धनोतिया की माता श्रीमती लीला देवी धनोतिया तथा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिवलोक ग्रीन्स रहवासी कल्याण समिति के सदस्यों श्रीमती उपमा मिश्रा, मोहन मिश्रा, श्रीमती राखी अहिरवार, श्रीमती पूजा पटेल तथा रविशंकर गोस्वामी के साथ भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर अविनाश लवानिया, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सचिन अतुलकर, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। शिवलोक ग्रीन्स रहवासी कल्याण समिति द्वारा कालोनी में गीले कचरे के निष्पादन हेतु श्रेडर लगाकर कचरे को अलग-अलग किया जा रहा है तथा गीले कचरे से खाद बनाई जाती है। निर्मित खाद का उपयोग पेड़-पौधों व कालोनी के उद्यानों में किया जा रहा है। शिवलोक ग्रीन्स रहवासी कल्याण समिति द्वारा कालोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है जिससे सीवेज के पानी का शुद्धिकरण किया जाकर शुद्ध किये गए पानी (उपचारित जल) का उपयोग पेड़-पौधों व उद्यानों में किया जा रहा है। कालोनी में स्वच्छता बनाये रखने हेतु जनभागीदारी से सफाई संबंधी कार्यों को निरंतर किया जा रहा है।

# 'डिजिटल सुरक्षा अधिनियम से बांग्लादेशी पत्रकारों को कठोर सेंसरशिप का सामना करना पड़ेगा

### देश में अंदर तानाशाही का दबदवा बढ़ेगा

**ब्रिस्बेन।** डिजिटल सुरक्षा अधिनियम के कारण पहले से ही परेशानी उठा रहे बांग्लादेशी पत्रकारों को एक नए कानून के अस्तित्व में आने पर और भी कठोर सेंसरशिप का सामना करना पड़ सकता है। स्वतंत्र पत्रकार ने खुफिया एजेंसियों द्वारा खुद को देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के बाद हाल ही में ट्वीट किया था, खुफिया एजेंसियों ने मुझे मेरी पत्रकारिता के चलते हिरासत में लिया, पूछताछ की और फिर निर्वासित कर दिया। मानवाधिकार कार्यकर्ता बांग्लादेशी सरकार द्वारा मीडिया और अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने के लिए विवादास्पद 'डिजिटल सुरक्षा अधिनियम' के इस्तेमाल के खिलाफ लंबे समय से लामबंद हैं, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। बांग्लादेश वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में लगातार नीचे आ रहा है। पत्रकारों, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, कार्टूनिस्ट और फोटोग्राफर को सोशल मीडिया पर सरकार और राष्ट्र के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने' के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि बड़ी संख्या में गिरफ्तार लोगों में ज्यादातर पत्रकार शामिल हैं, जबकि उन पर आरोप लगाने वाले करीब 80 फीसदी लोग सत्तारूढ़ बांग्लादेश अवामी लीग से जुड़े हुए हैं। नया मसौदा कानून कठोर डिजिटल सुरक्षा अधिनियम से एक हाथ आगे साबित हो सकता है। यह बांग्लादेश को प्रभावी रूप से एक निगरानी राष्ट्र में बदल सकता है। टेक कंपनियों को विनियमित करने की आड़ में यह कानून सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म द्वारा दी जाने वाली एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड सेवाओं की ट्रेसिबिलिटी (स्रोत की पहचान करना) और इंटरसेप्शन (सेवा को बाधित करना) को बढ़ावा देगा। सोशल मीडिया और ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मीडिया सेवाओं सहित सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म सख्त सरकारी निगरानी के दायरे में आ जाएंगे।

# बाल विवाह रोकने हेतु जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अक्षय तृतीया 03 मई 2022 विवाह मुहूर्तों के अवसरों को केन्द्रित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जागरुकता अभियान चलाया जाता है। तदनुसार इस वर्ष भी होने वाले विवाह, सामूहिक विवाह 3 मई 2022 अक्षय तृतीया विवाह मुहूर्तों के अवसर पर बाल विवाह रोकने हेतु एवं बाल विवाह के प्रकरण पाये जाने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा जिला एवं खण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति में अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड को शामिल किया गया है।

खण्ड स्तरीय समित भिण्ड के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिण्ड, सीएसपी भिण्ड, तहसीलदार भिण्ड, सिविल सर्जन भिण्ड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड, प्र. परियोजना अधिकारी एबावि परि.भिण्ड शहरी एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.भिण्ड ग्रामीण को शामिल किया गया है।

खण्ड स्तरीय समिति गोहद के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोहद, एसडीओपी गोहद, तहसीलदार गोहद, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गोहद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद, परियोजना अधिकारी एबावि परि.गोहद एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.मौ को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति मेहगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मेहगांव, एसडीओपी मेहगांव, तहसीलदार मेहगांव, खण्ड चिकित्सा अधिकारी मेहगांव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव, परियोजना अधिकारी एबावि परि.मेहगांव एवं प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि.गोरमी को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति अटेर के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अटेर, एसडीओपी अटेर, तहसीलदार अटेर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी अटेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर, परियोजना अधिकारी एबावि परि.अटेर एवं परियोजना अधिकारी एबावि परि.बरोही को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति लहार के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार लहार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी लहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार, परियोजना अधिकारी एबावि परि.लहार को शामिल किया गया है। खण्ड स्तरीय समिति रौन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लहार, एसडीओपी लहार, तहसीलदार रौन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी रौन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन, प्र.परियोजना अधिकारी एबावि परि.रौन को शामिल किया गया है। बालक/बालिकाओं की उम्र संबंधी दस्तावेजों का प्रतिपरीक्षण स्कूल की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आंगनबाडी केन्द्र के रिकार्ड से किया जावे। इन दस्तावेजों के अभाव में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडीकल प्रमाण पत्रों को मान्य किया जाये। अनुविभागीय अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में विभिन्न समाजों के होने वाले वाले सामूहिक विवाह सम्मेलनों की स्वीकृति वर-वधू की आयु संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत ही प्रदान करेंगे।

# इमरान की घटिया हरकत, पद से हटाते ही पीएमओ की कार अपने साथ लेकर गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने दावा किया है कि इमरान खान प्रधानमंत्री आवास छोड़ते समय बीएमडब्ल्यू एक्स5 साथ ले गए थे, जो मूल रूप से विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के लिए पीएमओ की कार थी। रिपोर्ट के मुताबिक औरंगजेब ने कहा कि एक प्रधानमंत्री अपने इस्तेमाल में कानून के मुताबिक ही कारों को रख सकता है। इमरान पहले ही विदेशों से मिले गिफ्ट को लेकर निशाने पर चल रहे हैं। मंत्री मरियम ने कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि वह इस कार को रखना चाहते हैं, हालांकि उन्होंने पहले प्रधानमंत्री हाउस में महंगी कारों को लेकर पिछली सरकारों की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि जब उस कार को 2016 में खरीदा गया था, तब उसकी कीमत 3 करोड़ पाकिस?तानी रुपये थी, जो अब 6 करोड़ पाकिस्तानी रुपया है। अगर बम-प्रूफिंग और बुलेट-प्रूफिंग को ध्यान में रखा जाए, तब वाहन की कीमत अब लगभग 15 करोड़ पाकिस्तानी रूपया है।



मरियम ने कहा कि इमरान ने उपहार प्रतिधारण प्रतिशत को घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया और फिर इस बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। मंत्री ने कहा कि इसके बाद उन्होंने खान की पत्नी बुशरा बीबी की करीबी दोस्त फराह खान से लिए गए पैसे से उन उपहारों को खरीदा, जो पंजाब में हर सरकारी अधिकारी की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेकर अरबों कमा रही थी। मंत्री ने बताया कि किसी अन्य देश के राजनयिक द्वारा उपहार में दी गई एक हैंडगन को तोशाखाना में घोषित करने और जमा करने के बजाय, खान ने उस बंदूक को अपने पास रख लिया। सूचना मंत्री ने खान का जिक्र करते हुए कहा, 'आप एक चोर, धोखेबाज, झूठे और ठग हैं।

# तंजानिया के सोशल मीडिया स्टार किली पॉल पर जानलेवा हमला, बॉलिवुड के गाने गाकर हुए मशहूर

**डोडोमा।** तंजानिया के मशहूर सोशल मीडिया स्टार किली पॉल पर बीते दिनों जानलेवा हमला हुआ। हमलावरों ने उन पर चाकू से वार किए और डंडों से उनकी पिटाई की। किली पॉल बॉलिवुड के गानों की लिप्सिंग करते हैं और डांस करते हैं। उनका यह अंदाज भारत और पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। अक्सर उनके वीडियो वायरल भी होते रहते हैं। लाखों फॉलोवर्स और बड़ी फैन फॉलोइंग होने के बावजूद किली पॉल पर इस तरह का हमला होना हैरान कर देने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी %मन की बात% में भी किली पॉल का जिक्र कर चुके हैं। खबरों के मुताबिक पांच अज्ञात लोगों ने किली पॉल पर चाकू से हमला किया और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई की। इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर पॉल ने इसकी जानकारी दी और बताया कि वह घायल हैं और उन्हें पांच टांके लगे हैं। स्टोरी में उनकी एक तस्वीर भी थी जिसमें वह स्ट्रेचर पर लेटे नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ कैप्शन में लिखा था, %लोग मुझे गिराना चाहते हैं लेकिन भगवान हमेशा मुझे आगे बढ़ाता है। मेरे लिए प्रार्थना करें।% अगली स्टोरी में लिखा था, %पांच लोगों ने मुझ पर हमला किया। मेरे दाएं हाथ का अंगूठा चाकू से घायल हो गया और मेरे पांच टांके लगे हैं। लाठी डंडों से मेरी पिटाई की गई लेकिन भगवान का शुक्र है कि मैं बच गया। वे भाग गए हैं लेकिन मैं घायल हूं।% हिंदी गानों और डायलॉग के वीडियो बनाने के चलते किली पॉल भारत में काफी लोकप्रिय हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि उन्हें बॉलिवुड से प्यार है फरवरी में तंजानिया में भारतीय उच्चायोग ने उन्हें सम्मानित किया था। भारतीय राजनयिक बिनाया प्रधान ने तंजानिया में उच्चायोग दफ्तर से किली पॉल के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। पीएम मोदी ने भी फरवरी में मन की बात के 86वें एपिसोड में किली पॉल और उनकी बहन नीमा पॉल का जिक्र किया था। उन्होंने दोनों भाइयों के वीडियो और लिप्सिंग की तारीफ करते हुए कहा कि लता दीदी को श्रद्धांजलि देने और हमारा राष्ट्रगान गाने के लिए वह उनके आभारी हैं।

# पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने गुरूद्वारा पहुँचकर मत्था टेका





ग्वालियर। मध्यप्रदेश की पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने श्री गुरु हरगोबिंद साहिबजी जी के तपस्वी स्थल गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ किला ग्वालियर पहुंचकर श्रद्धा के साथ मत्था टेका और दर्शन किए ।

पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि गुरुद्वारे में दर्शन करने से गुरु ग्रंथ साहिब जी के बाणी से तो हर चिंता का समाधान होता है । यह हमारा सौभाग्य है कि कुछ समय पहले ही 400 वा शताब्दी वर्ष दाता बंदी छोड़ दिवस मनाया गया था और अब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब के बेटे साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी का 400 वा प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है ।

सुश्री उषा ठाकुर ने गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन करते हुए अरदास करवाई कि आज वर्तमान में श्री गुरु तेग बहादुर जी हिंद की चादर द्वारा धर्म रक्षा के लिए दिए गए बलिदान को हर हिंदुस्तानी याद करे और गुरु जी द्वारा दिए गए आदर्शों पर चले और विश्व में शांति बनी रहे । क्योंकि गुरु तेग बहादुर जी ने 17वीं शताब्दी में ही धर्म की आजादी के लिए शहादत देकर प्रत्येक देशवासी के दिल-दिमाग में निडरता से आजाद जीवन जीने का बीज बो दिया था। सहनशीलता, कोमलता और सौम्यता की मिसाल के साथ साथ गुरु तेग बहादुर जी ने हमेशा यही संदेश दिया कि किसी भी इंसान को न तो डराना चाहिए और न ही डरना चाहिए। धर्म रक्षा में प्राण बलिदान वाले श्री गुरु तेगबहादुर जी का जीवन वीरता और साहस की ऐसी मिसाल है, जो आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### नर्मदा को बचाने के लिए

### मांगा संतों का आशीर्वाद

मानयोग बाबा लक्खा सिंह जी से मुलाकात के दौरान सुश्री ठाकुर ने कहा कि मां नर्मदा है तो मध्यप्रदेश है। सुश्री ठाकुर ने मां नर्मदा को बचाने बाबा सेवासिंह के आशीर्वाद के माध्यम से सिख समाज से नर्मदा के क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की विनती की।

## स्मार्ट सिटी की बसें चलने से शहर के नागरिकों को मिलेगी बेहतर परिवहन सुविधाः निगमायुक्त श्री कन्याल




ग्वालियर। स्मार्ट सिटी ग्वालियर द्वारा संचालित स्मार्ट सिटी बस सेवा के तहत आज सोमवार से दीनदयाल नगर से महाराज बाड़ा के रूट पर सिटी बसों संचालन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि सिटी बसों के चलने से शहर के नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी तथा कम से कम किराए में नागरिक शहर में आवागमन कर सकेगें। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्मार्ट सिटी बस सेवा का प्रारंभ करते हुए बस के अंदर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिटी बस सेवा में यात्रा करने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित रुट पर निर्धारित समय पर बस चलें जिससे नागरिक समय पर अपने गंतत्व पर पंहुच सकें। संबधित अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के नागरिकों को सुगम और व्यवस्थित एवं सस्ती सिटी परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 स्मार्ट बसें प्रारंभ की जा रही है जिसमें आम नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सिटी बस के संचालन के तहत निम्न सुविधा शहर में परिवहन करने वाले यात्रियों को प्रदान की जाएगी जिसमें बस स्टॉप पर ही रुकेगी बसें। साथ ही सुबह 8ः 30 पर बस सेवा शुरू होगी और रात्रि 8 बजे तक चलेगी। प्रति 3 किमी का किराया 7 रूपया रहेगा, इसके बाद हर एक किमी पर 1 रूपये बडेगा तथा दीन दयाल नगर से महाराज बाडे तक 20 रूपये किराया रहेगा। महिलाओ के लिए सीट आरक्षित होगी। विकलांग वर्ग को किराए में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट इसके साथ ही 5 वर्ष तक के बच्चो का नही लगेगा टिकट। अभी ट्रायल के तौर पर एक ही रूट पर बस संचालित की जा रही हैं। इसके बाद नागरिकों की सुविधानुसार आगे अन्य रूटों पर भी बस चलाई जाएंगीं।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर 3 मई को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 3 मई को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। श्री तोमर इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर 3 मई को प्रातः 10 बजे हरीशंकरपुरम पहुँचकर ÷गूँज÷ एफएम रेडियो की ग्राण्ड लॉचिंग में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद प्रातः 11 बजे मेला मैदान परिसर में राठौर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत करेंगे। केन्द्रीय मंत्री दोपहर 2 बजे क्लार्क होटल फूलबाग में भारत विकास परिषद के दायित्व ग्रहण समारोह में सम्मिलित होंगे। श्री तोमर अपरान्ह 4 बजे गतिमान एक्सप्रेस से नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री की पूरक परीक्षाओं की तिथियाँ निर्धारित

**आवेदन पत्र ऑनलाइन 4 मई से भरे जा सकेंगे**

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल की पूरक परीक्षाओं की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में केवल एक विषय तथा हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा देने की पात्रता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हायर सेकेण्ड्री के समस्त विषयों की पूरक परीक्षाएँ सोमवार 20 जून को होंगीं। इसी तरह हाईस्कूल पूरक परीक्षा मंगलवार 21 जून से 30 जून तक होंगीं। हायर सेकेण्ड्री व्यवसायिक (द्वितीय अवसर) पूरक परीक्षा मंगलवार 21 जून से 27 जून तक ली जायेंगी। पूरक परीक्षाओं का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रखा गया है। पूरक परीक्षाओं के आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क जमा कर एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से भरे जा सकते हैं। आवेदन पत्र 4 मई से लेकर परीक्षा शुरू होने के एक दिन पूर्व तक भरे जा सकेंगे। परीक्षार्थियों के लिये प्रवेश पत्र 5 जून से ऑनलाइन प्राप्त किए जा सकेंगे।

### श्रमिकों के लिये विधिक सेवा सप्ताह जारी, विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 5 मई को

ग्वालियर। श्रमिकों के लिये 7 मई तक विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के पालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रेमनारायण सिंह के मार्गदर्शन में विधिक सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं। इस कड़ी में 5 मई को श्रमिकों के लिये विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जायेगा। श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है। अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री गालिब रसूल ने बताया कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य व श्रम विभाग के सहयोग से 5 मई को प्रातः 9 बजे से घासमंडी में बुलबुल का पुरा स्थित सरोज विद्यालय में श्रमिकों के लिये विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा। साथ ही निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की जायेंगीं। शिविर में मेडीसिन, स्त्री रोग व चर्म रोग सहित अन्य प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिये चिकित्सक और पैरामेडीकल स्टाफ उपस्थित रहेंगे। श्रमिकों के लिये आयोजित हो रहे विधिक सेवा सप्ताह के तहत 3 मई को कटोराताल के सामने व 4 मई को सिरोल रोड पर पुलिस हाउसिंग के पीएम आवास योजना परिसर में विधिक जागरूकता एवं श्रम योजनाओं की जानकारी देने के लिये कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत 26 व 31 मई को होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

**आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू**

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जायेंगे। नगर निगम ग्वालियर, जनपद पंचायत डबरा, मुरार व भितरवार में 31 मई को सामूहिक विवाह व निकाह सम्मेलन आयोजित होंगे। इसी तरह जनपद पंचायत घाटीगाँव में 26 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इन सामूहिक विवाह व निकाह सम्मेलनों में विवाह करने के इच्छुक वर-वधु संयुक्त रूप से निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन संबंधित निकाय अर्थात नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद या जनपद पंचायत में निर्धारित तिथि के 15 दिन पूर्व जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र सामाजिक न्याय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री राजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत विवाह करने के लिये वर या वधु को मध्यप्रदेश का मूलनिवासी होना चाहिए। वर प्रदेश के बाहर का है और यदि वधु मध्यप्रदेश की निवासी है तो भी इस योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने में रामचरितमानस का विशेष योगदानः सुश्री उषा ठाकुर






### संस्कृति मंत्री के मुख्य आतिथ्य में 'श्रीराम कथा साहित्य एवं समरसता के बहुपक्ष' विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित

### अयोध्या काण्ड पर होगी राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

ग्वालियर। संस्कृति, पर्यटन एवं आध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा है कि रामचरितमानस सही मायने में हमें सामाजिक समरसता का पाठ प?ाती है, इसमें मानव की समस्त समस्याओं का समाधान समाहित है। सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने में रामचरितमानस से बेहतर योगदान कोई नहीं दे सकता। रामचरितमानस को आदर्श मान लें तो समस्त व्यवस्थायें स्वतः ही आदर्श हो जायेंगीं। सुश्री उषा ठाकुर ÷श्रीराम कथा साहित्य एवं समरसता के बहुपक्ष÷ विषय पर आयोजित हुई संभागीय कार्यशाला के प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित थे।

राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा रामचरितमानस के अयोध्याकाण्ड पर प्रस्तावित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सिलसिले में संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को यहाँ भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) में इस संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष श्री रघुनंदन शर्मा, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, राज्य ओपन स्कूल के निदेशक श्री पी आर तिवारी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री आर के उपाध्याय, कार्यक्रम के समन्वयक श्री सुरेन्द्र विरहे तथा तीर्थ एवं मेला प्राधिकरण मध्यप्रदेश के सीईओ श्री राजेश श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी व डीपीसी श्री रविन्द्र तोमर मौजूद थे।

### मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम आज होगी दिल्ली के लिए रवाना

ग्वालियर। बीसीसीआई द्वारा गठित डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कमेटी (डीसीसीआई) एवं फिजीकली चैलेन्ज क्रिकेट एशोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिनांक 4 मई 2022 से 6 मई 2022 तक आयोजित नेशनल सरदार पटेल टी-20 दिव्यांग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव संजय सिंह तोमर एवं सह सचिव उमेश बाबू गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हाल ही में बीसीसीआई द्वारा डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कमेटी का गठन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन डीसीसीआई की देखरेख में किया जा रहा है। जिससे दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल बड़ा है और प्रतियोगिता से ही अच्छे खिलाड़ियों का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली इंडिया की टीम के लिए किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित प्रथम मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के खिलाडियों की 4 टीमें बनाई गई थी। उन्हीं चारों टीमों के खिलाड़ियों का बेस्ट परफॉर्मेंस आधार पर टीम का चयन चयनकर्ताओं द्वारा किया गया है।

# एंटी माफिया एवं मिलावट करने वालों के विरूद्ध हो सख्त कार्रवाई : कलेक्टर श्री सिंह




### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान, अस्थायी अतिक्रमण, मिलावट करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार, नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारी व मदाखलत अधिकारी रणनीति बनाकर संयुक्त कार्रवाई करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में उक्त निर्देश दिए हैं।

प्रति सोमवार आयोजित होने वाली अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि भू-माफियाओं और मिलावट करने वालों के विरूद्ध जिले में सख्त से सख्त कार्रवाई हो। इसके लिये राजस्व विभाग के साथ-साथ नगर निगम और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से रणनीति बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले, एडीएम श्री एच बी शर्मा, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में माफियाओं की सूची तैयार करें। इसके साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को भी चिन्हित किया जाए। शहरी क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण करने वालों को भी हटाने की कार्रवाई प्रभावी रूप से की जाए। उन्होंने निर्देशित किया है कि राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम के मैदानी अमले की शीघ्र बैठक भी आयोजित की जाए। राजस्व विभाग के साथ-साथ निगम के अधिकारी भी अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार करें ताकि उनके विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि पंचायत स्तर पर आयोजित हो रही चौपालों में जिला अधिकारी शामिल हों। चौपालों में पहुँचकर जिला अधिकारियों को जो महत्वपूर्ण जानकारी और सूचनायें देना है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478